संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
01 मार्च 2025, शनिवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 150
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस



# मुख्यमंत्री ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर लाखों कर्मियों को दी बड़ी सौगात, पांच लाख रुपये तक का होगा मुफ्त इलाज



**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा सभागार में राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया, जिससे लाखों सरकारी कर्मियों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगी। इस योजना के तहत सरकारी कर्मियों को पांच लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा, जबकि गंभीर बीमारियों की स्थिति में यह राशि 10 लाख रुपये तक होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर राज्य कर्मियों को सेवा निवृत्ति के बाद भी आर्थिक संबल देने का काम किया है, उसी तरह राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से कर्मियों के समुचित इलाज का पूरा खर्च वहन की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के किसी भी श्रेणी के सरकारी कर्मियों को अपनी बीमारी के इलाज खर्च के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे इलाज का खर्च सरकार उठाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जीवन शैली और कार्य प्रणाली में बदलाव की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही है। रहन-सहन और खान -पान में जिस तरह से बदलाव हो रहा है, उसने कमोबेश हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी से ग्रसित कर दिया है। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां आम हो चुकी है तो कई गंभीर बीमारियां भी लोगों को अपनी चपेट में तेजी से लेती जा रही है। अस्पतालों का इलाज काफी महंगा हो चुका है। जैसे अस्पताल और डॉक्टर होंगे, वैसा ही इलाज का खर्च भी होगा। ऐसे में लोगों को अपनी बीमारी के इलाज के क्रम में आर्थिक मोर्चे पर काफी परेशानियां होती है। इस वजह से हमारी सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की मुहिम में जुटी है, ताकि लोगों को कम से कम खर्चे में बेहतर से बेहतर उपचार की सुविधा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी को एक नजरिए से देखती है। चाहे किसान हो या मजदूर या कोई और वर्ग तथा तबका, सभी के साथ सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है । उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए संकल्पित होकर काम करने की आज आवश्यकता है और हमारी सरकार इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना एक मार्च 2025 से लागू हो रही है । पहले चरण में इस योजना का लाभ कार्यरत सभी राज्य कर्मियों को मिलने जा रहा है।

## रेगेंच् आर हुना़रान गिदरा़कोय उसकुरेत्कोआ सरकार: सिरा़मंत्री

**रांची।** सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़य मेन केदा जे नेताराक् जुग रेडिजिटल होय चुका़उ आकाना। जाहांटाक् नोङका सेक्टर बाङ सेरेच्आकाना जे डिजिटलाजेशन खो़न छूटा़उ आकान। डिजिटल सेवा रे हो़ंस्पीड ते बो़दो़लो़क् काना। दिना़म दिन-डिजिटल सेवा अपग्रेड होयोक्काना। नोङका रे आमेमे खो़जो़क्आ आर से बाङ, डिजिटल प्लेफार्मखो़न आम जुदा़ रे बायेम ताहें दाड़ेयाक्आ। सिरा़मंत्री सोरेन दो़जा़रूममाहां हिलोक् झारखंड मु यालय रे स्कूली शिक्षा आर साक्षरताविभाग होतेते ओराम सेमेलेत् बाबो़त रेय रो़ड़ेत्कान ताहेंना। नोआताक रे सिरा़मंत्री दो़ सरकारी प्राथमिक विद्यालय रेन 28945 गो़टेच्माहांसो़य टैबलेटए हा़टिञात्कोआ। सिरा़मंत्री दो़य मेन केदा जेनोङका रे मो़ंज होयोक्आ जे ओ़कते लेका ते आम सेच् आरहिजुक्कान बिदा़ल दो़ तकनीकी रूप तेको केटेजा। उन रे आम डिजिटलफ्रेंडली होयोक्, तो़बे लाहा सेच् बो़न चालाव दाड़ेयाक्आ। नोआ ताकरे उनी दो़य गुनआनाक् शिक्षा जोगाव ला़गित् ते विद्यायल रिपोर्ट कार्डआर माहांसो़यको ला़गित् ते 50 घंटा रेयाक् जा़रूड़ान समेकित-सततक्षमता लाहान्ती का़मीहो़राय रेयाक् ऑनलाइन एहो़प् केदा।सिरा़मंत्री दो़य मेन केदा जे पो़नो़त रेन सरकारी विद्यालय दो़ डिजिटल सेवा बेबो़सता ला़गित् ते नाखा रे आयमा केटेच् पो़न्थाय राकाप्एत् काना। नोआ ताक रे मंत्री रामदास सोरेन, मु य सचिव अलकतिवारी, मु यमंत्री रेन अपर मु य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिवउमा शंकर सिंह आर झारखंड पो़नो़त शिक्षा परियोजना परिषद रेन निदेशक शशि रंजन ताको सेटेर आकान ताहेंना।

### सिरा़मंत्री दो़ सरकारी प्राथमिक विद्यालय रेन 28945 गो़टेच् माहांसो़ये हा़टिञात्कोआ टैबलेट



# विधानसभा में जमीन अधिग्रहण और मुआवजा को लेकर हंगामा, सत्ता-विपक्ष दोनों ने उठाए सवाल

## अंचल के क्रियाकलापों पर सत्ता पक्ष ने ही सरकार को सदन में घेरा



**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन जमीन अधिग्रहण से जुड़ा मुआवजा, एनओसी और म्यूटेशन में धांधली का मुद्दा गरमाया रहा। इस पर विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी सवाल उठाए। विधायक नागेंद्र महतो ने सरकार से पूछा कि क्या वह गैर-मजरूआ जमीन पर किसानों से राजस्व लेकर उन्हें स्वामित्व का अधिकार देने पर विचार कर रही है? इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने जवाब दिया कि पूर्व की भाजपा सरकार ने अवैध जांच का आदेश दिया था, लेकिन अब 2018 से पूर्व की बंदोबस्ती वाली जमीन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्रक्रिया लागू होने के बाद खाता और प्लॉट नंबरों में बदलाव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मिलीभगत से पांच एकड़ की जमीन को पांच डिसमिल दिखाया जा रहा है और सीओ (अंचल अधिकारी) 25 से 50 हजार रुपये तक की घूस मांग रहे हैं। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी अंचल से ऐसी शिकायत मिलती है, तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने भी भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दे को उठाया।

उन्होंने सरकार से मांग की कि विकास कार्यों के लिए भूमि देने वाले रैयतों के गैर-अधिग्रहित प्लॉट पर प्रतिबंध हटाया जाए, क्योंकि इस कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विधायक सुरेश पासवान ने देवघर का मामला उठाते हुए कहा कि वहां रसीद कटवाने पर अधिकारियों द्वारा सीबीआई जांच का हवाला दिया जा रहा है।विधायक राजेश कच्छप ने ज्यूडिशियल अकादमी से नगड़ी तक अधिग्रहित भूमि के मुआवजे का भुगतान अब तक न होने का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने स्पष्ट किया कि रैयती जमीन को प्रतिबंधित करने का कोई प्रावधान नहीं है। अगर कोई अधिकारी एनओसी देने में देरी करता है, तो 15 दिनों के भीतर कार्रवाई होगी।

उन्होंने कहा कि यदि सीओ (अंचल अधिकारी) सीबीआई जांच का बहाना बना रहे हैं, तो उन्हें भी शोकॉज किया जाएगा।

## बजट का 60 प्रतिशत राशि नहीं हुई खर्च : राज



**रांची ।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद अनुपूरक बजट के कटौती के पक्ष में बोलते हुए भाजपा विधायक राज सिन्हा ने कहा कि सरकार ने मूल बजट का 60 से 65 प्रतिशत राशि खर्च नहीं कर पाई है। ऐसे में 5508 करोड़ का अनुपूरक बजट लाने का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग बजट का महज 20 से 22 प्रतिशत राशि ही खर्च कर पाया है। उन्होंने कहा कि सरकार का जोर केवल मंईयां योजना पर है। राज्य में दो-दो बार प्रसव के नाम पर राशि ली जा रही है। पुरूष भी मंईयां बनकर पैसा ले रहे हैं। राज सिन्हा ने कहा कि उनके इलाके में 180 करोड़ रुपए का सुपर स्पेसिएलिटी हॉस्पिटल बनकर तैयार है, लेकिन डॉक्टर और पारा मेडिकल स्टाफ की कमी के इसे चालू नहीं कराया जा रहा है।

# वित्त मंत्री ने सदन में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण, प्रति व्यक्ति आय में हुई वृद्धि

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा के बजट सत्र में 2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। रिपोर्ट बताती है कि राज्य की अर्थव्यवस्था लगातार तीन सालों से बढ़ रही है। जीएसडीपी में दोगुनी बढ़ोतरी की उम्मीद है। प्रति व्यक्ति आय में भी काफी इजाफा हुआ है।वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन 2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किया। इस रिपोर्ट में राज्य की आर्थिक प्रगति का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड की अर्थव्यवस्था पिछले तीन सालों से लगातार तरक्की कर रही है।आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2011-12 में राज्य का जीएसडीपीएस 1 लाख 50 हजार 918 करोड़ रुपये था। इसके 2024-25 के अंत तक स्थिर मूल्यों पर दोगुना और वर्तमान मूल्यों पर तीन गुना से ज्यादा होने का अनुमान है। साधारण शब्दों में कहें तो राज्य की कुल कमाई काफी बढ़ने वाली है।रिपोर्ट में 2021-



22 और 2023-24 के बीच की अवधि पर भी गौर किया गया है। इस दौरान स्थिर मूल्यों पर जीएसडीपी में औसतन 7.7प्रतिशत और वर्तमान मूल्यों पर 10.7त्न की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। 2024-25 में भी स्थिर मूल्यों पर 6.7प्रतिशत और वर्तमान मूल्यों पर 9.8प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। यह दर्शाता है कि राज्य की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है।प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2021-22 और 2023-24 के बीच स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय में औसतन 6.7त्न और वर्तमान मूल्यों पर 9.1त्न की वार्षिक वृद्धि हुई है। 2021-22 में स्थिर मूल्यों पर प्रति व्यक्ति आय 57,172 रुपये थी, जो 2023-24 में बढ़कर 65,062 रुपये हो गई। वर्तमान मूल्यों पर यह 88,500 रुपये से बढ़कर 1,05,274 रुपये हो गई। इसका मतलब है कि राज्य के लोगों की औसत कमाई बढ़ रही है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। यह रिपोर्ट झारखंड के लिए काफी सकारात्मक है और भविष्य के लिए अच्छे संकेत देती है।झारखंड के जीएसडीपी के चालू और आगामी वित्तीय वर्षों में भी वृद्धि की गति को बनाए रखने का अनुमान लगाया गया है। राज्य के वास्तविक जीएसडीपी में चालू वित्तीय वर्ष 2024725 में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। इस प्रकार राज्य के स्थिर मूल्यों पर जीएसडीपी वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्यों पर 304165 करोड़ रुपए और वर्तमान मूल्यों पर 506356 करोड़ रुपए और वर्ष 2025-26 में स्थिर मूल्यों पर 3,26,941 करोड़ रुपए और वर्तमान मूल्य पर 5,56,286 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

# जैक ने हिंदी और विज्ञान की रद्द की गयी परीक्षा की तिथि घोषित की

**संवाददाता**

**रांची ।** जैक ने दिनांक 18.02.2025 को सम्पन्न हिन्दी ए और हिन्दी ब तथा 20.02.2026 को सम्पन्न विज्ञान विषय की परीक्षा रद्द की गई थी। उक्त विषयों की परीक्षा को फिर से पुनर्निधारित किया है। 07.03.2025 शुक्रवार को प्रथम पाली में हिन्दी ए और हिन्दी बी की परीक्षा 9:45 से 1:00 बजे तक होगी। वहीं विज्ञान की परीक्षा




08.03.2025 शनिवार को होगी। माध्यमिक परीक्षाओं के लिए प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 10.03.2025 से 25.03.2025 तक संबंधित विद्यालय के द्वारा ली जायेगी। वार्षिक इंटर परीक्षा, 2025 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधानों एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि इंटरमीडिएट विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के लिए प्रायोगिक परीक्षा की तिथि 10.03.2025 से 25.03.2025 तक दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी।

# पीएफ अकाउंट में जमा पर मिलेगा 8.25 फीसदी ब्याज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) को लेकर बड़ी खबर आ रही है। बताया गया कि सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ ने शुक्रवार को 2024-25 के लिए ईपीएफ जमा पर 8.25 फीसदी की ब्याज दर बरकरार रखने का फैसला किया है। फरवरी 2024 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 8.25 फीसदी कर दिया था। 2022-23 में यह ब्याज दर 8.15 फीसदी थी। ऐसे ही मार्च 2022 में ईपीएफओ ने 2021-22 के लिए अपने सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए ईपीएफ पर ब्याज को घटाकर चार दशक से अधिक के निचले स्तर 8.1 फीसदी कर दिया था। 2020-21 में यह ब्याज दर 8.5 प्रतिशत थी।

# दिल्ली हाईकोर्ट में डीयू ने कहा, पीएम मोदी की डिग्री से जुड़े रिकॉर्ड आपको दिखा सकते हैं

**● सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं कर सकते**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री से जुड़े अपने रिकॉर्ड अदालत को दिखाने के लिए तैयार है, लेकिन सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं कर सकते है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता के समक्ष पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी, इसके बाद अदालत ने विश्वविद्यालय की उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश को चुनौती दी गई थी। इस आदेश में प्रधानमंत्री की स्नातक डिग्री से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने को कहा गया था।

एसजी मेहता ने अदालत में कहा, डीयू को अदालत के समक्ष रिकॉर्ड प्रस्तुत करने में कोई दिक्त नहीं है, लेकिन विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड को किसी अजनबी के निरीक्षण के लिए नहीं रखा जा सकता। उन्होंने दलील दी कि सीआईसी का आदेश खारिज किया जाना चाहिए क्योंकि निजता का अधिकार जनता के जानने के अधिकार से ऊपर है।

# सीएजी की रिपोर्ट में झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की खुली कलई, कोरोना काल में सरकार ने नहीं उपयोग की केंद्र से मिली राशि

**संवाददाता**

**रांची ।** कैग रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारियों, नर्सों और पैरामेडिक्स की भारी कमी पाई गई है। मार्च 2022 तक 3,634 स्वीकृत पदों में से 2,210 पद रिक्त हैं। मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में भी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भारी कमी पाई गई है। प्रधान महालेखाकार इंदु अग्रवाल ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन के लेखापरीक्षा में सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारियों, नर्सों और पैरामेडिक्स की भारी कमी का पता चला है। ओडीट में पाया गया है कि मार्च 2022 तक राज्य में चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञों के 3,634 स्वीकृत पदों के मुकाबले 2,210 पद रिक्त थे, जो कुल क्षमता का लगभग 61 प्रतिशत है। इसके अलावा स्टाफ नर्सों के 5,872 स्वीकृत पदों के मुकाबले 3,033 पद तथा पैरामेडिक्स के 1,080 स्वीकृत पदों के मुकाबले 864 पद रिक्त हैं।वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक की अवधि को कवर करने वाला लेखापरीक्षण मार्च और सितंबर 2022 के बीच किया गया था। जिलों को नमूना लेने की प्राथमिक इकाई माना गया और 24 जिलों में से छह धनबाद, दुमका, गुमला, गढ़वा, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा को विस्तृत जांच के लिए चुना गया। जिलों में छह में से दो मेडिकल कॉलेज, दो आयुष शिक्षण संस्थान, 23 जिला अस्पतालों में से पांच, 188 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में से 14, 330 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में से 13, 1755 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों में से 25, 11 निजी अस्पताल और छह जिला संयुक्त आयुष औषधालयों को लेखापरीक्षा के लिए चुना गया। लेखापरीक्षा जांच में जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारियों, विशेषज्ञों, स्टाफ नर्सों और पैरामेडिक्स की सात प्रतिशत से 65 प्रतिशत तक की महत्वपूर्ण कमी सामने आई।सैंपल में मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भारी कमी का भी पता चला है। छह मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के स्वीकृत 641 पदों में से जुलाई 2022 तक 286 पद (45 प्रतिशत) रिक्त थे। जांच में ओपीडी और आईपीडी सेवाओं, निदान, मातृत्व, मोबाइल चिकित्सा और अन्य संबंधित सेवाओं की आपूर्ति में अंतराल भी पाया गया। 2020-21 और 2021-22 के दौरान निरीक्षण वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों तथा अस्पतालों में 65 प्रतिशत से लेकर 95 प्रतिशत तक आवश्यक दवाओं की कमी का भी पता चला है। प्रधान महालेखाकार इंदु अग्रवाल ने कहा कि भवन निर्माण से जुड़े श्रमिकों की भी स्थिति अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर बुनियादी सुविधाएं श्रमिकों को नहीं मिल रही हैं। इसके अलावा श्रमिकों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और सेफ्टी जूते भी नहीं मिलते हैं। प्रधान महालेखा करने कहा कि कुल मिलाकर कैग की रिपोर्ट में वर्ष 2016-17 से लेकर वर्ष 2022 तक स्वास्थ्य और भवन निर्माण के क्षेत्र में स्थिति बेहद ही चिंता जनक है।

# पलामू में 251 अनुसेवक सेवामुक्त, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर डीसी ने की कार्रवाई

**संवाददाता**

**पलामू ।** पलामू जिले में 251 अनुसेवकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इन अनुसेवकों की बहाली वर्ष 2010 में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पलामू जिला प्रशासन ने सभी को बर्खास्त करने की कार्रवाई की। हालांकि 2010 में ही बहाल हुए सात अनु सेवकों की सेवा अभी भी बरकरार रखी गई है। इसे लेकर भारी असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

सेवा से बर्खास्त हुए अनुसेवक शुक्रवार को शिवाजी मैदान में जुटे एवं बर्खास्तगी की कार्रवाई पर रोष व्यक्त किया। कहा गया कि इस निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई है। अगले आदेश का इंतजार किया जा रहा है। अनुसेवकों ने कहा कि बिना विधि परामर्श विभाग से परामर्श लिए ही उन्हें सेवा मुक्त किया गया है। इस मामले में झारखंड सरकार की भूमिका ठीक नहीं रही। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर झारखंड सरकार और पलामू के उपायुक्त को अपील में जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा अब तक नहीं किया गया और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया।

गौरतलब है कि पलामू जिले में वर्ष 2010 में विज्ञापन संख्या 1-2010 के अनुसार 255 चतुर्थवर्गीय पदों पर बहाली हुई थी। हालांकि बहाली के दौरान पदों की संख्या निर्धारित नहीं की गई थी और आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किया गया था। इस बहाली के खिलाफ पलामू के ही अमृत कुमार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए सभी बहाली को फर्जी पाया और कर्मियों को सेवा से बर्खास्त करने का निर्देश दिया था। इसी निर्देश के क्रम में उपायुक्त पलामू ने कार्रवाई की। उपायुक्त के आदेश में कहा गया है कि वैसे कर्मी जो रिटायर हो गए हैं उन्हें पेंशन की सुविधा नहीं मिलेगी। मृत कर्मियों के आश्रित को पारिवारिक पेंशन नहीं मिलेगी और अनुकम्पा पर नियुक्त कर्मियों को दिया गया लाभ भी रद्द किया जाता है।

बर्खास्त कर्मियों ने आरोप लगाया कि नियुक्ति का विज्ञापन डीसी के स्तर से वर्ष 2010 में जारी हुआ था। प्रक्रिया के तहत उनकी बहाली हुई। यदि विज्ञापन में कोई त्रुटि थी तो कार्रवाई तत्कालीन डीसी पर होना चाहिए ना कि वर्षों नौकरी कर चुके कर्मियों को हटाना चाहिए। अनुसेवकों का कहना है कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है। सरकार कोर्ट में उनकी ओर से अपील में नहीं गई। जिले के अधिकारी बात करने के लिए भी समय नहीं दे रहे हैं।

बर्खास्त कर्मियों ने कहा कि 2010 के पैनल से ही नियुक्त सातकर्मियों राजकुमार राम, कमल हसन, राशिद अंसारी, मों. तौहीद एवं अन्य दो की सेवा को बहाल रखा गए है और 251 को हटा दिया गया। धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कर्मियों की ओर से अपील की गयी है। वर्ष 2010 में बहस हुई कई चतुर्थवर्गीय कमी रिटायर हो गए हैं जबकि कुछ की मृत्यु भी हो गई है।

## झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में निवेश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रांची ।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), बाजार अवसंरचना संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज के प्रबंधक और बिहार-झारखंड के बिजनेस डेवलपमेंट प्रमुख सैमराज नायर ने छात्रों को शेयर बाजार, पूंजी बाजार और ऋण बाजार की बुनियादी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना जानकारी के निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है और निवेश से पहले कंपनी की वित्तीय स्थिति को समझना जरूरी है। उन्होंने म्यूचुअल फंड्स की कार्यप्रणाली पर भी संक्षेप में चर्चा की। इसके बाद, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, सेबी के महाप्रबंधक, विकाश एस.एस ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर निवेशकों के अधिकार, शेयर बाजार में सावधानियां और शिकायत निवारण प्रक्रिया पर चर्चा की। अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग की वरीय सहायक प्राध्यापिका डॉ. संहिता सुचरिता ने निवेश से संबंधित जानकारी को विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ साझा किया, उन्होंने बताया कि निवेश करने से पूर्व आप बाजार से अवगत हो जाएं और म्यूचुअल फंड व्यवस्थित निवेश योजना में निवेश करें, छोटे विविध निवेश दीर्घकाल में फ़ायदा देंगे। कार्यक्रम में संकाय अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार गुप्ता सहित अर्थशास्त्र और विकास अध्ययन विभाग संकाय के डॉ. लिंकन मोंडल, डॉ. आसिस कुमार मेहर, बड़ी संख्या में शोधार्थी तथा सैकड़ो छात्रों ने सहभागिता निभाई।

## महिलाओं को डायन बताकर किया जा रहा प्रताड़ित, 16 के खिलाफ मामला दर्ज

**धनबाद ।** धनबाद के टुंडी थाना क्षेत्र से महिलाओं को डायन बात उनके साथ प्रताड़ना का मामला सामने आया है। पीड़ित महिलाओं ने 16 लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित महिलाओं ने समाज और जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा है कि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाए और महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा प्रदान की जाए। शुक्रवार को इन पीड़ित परिवारों ने धनबाद के गांधी सेवा सदन पहुंचकर मीडिया के सामने अपनी कहानी साझा किया। महिलाओं का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा उन्हें डायन बिसाही बताकर उनके घर में घुसकर न केवल मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, बल्कि उनके सतब मारपीट और गाली-गलौज भी किया गया। इस अत्याचार के बाद आरोपितों के डर से पीड़ित महिलाएं अपने पूरे परिवार के साथ घर छोड़ने पर मजबूर हो गई हैं। वे अब अपने गांव भी नहीं लौट पा रही हैं। क्योंकि उन्हें फिर से मारपीट और प्रताड़ना का डर सता रहा है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उन्हें अपनी जान का खतरा है और वे किसी भी स्थिति में अपने गांव वापस नहीं जा सकतीं। पीड़िताओं ने जिला प्रशासन और सरकार से आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन से उन्हें सुरक्षा चाहिए, ताकि वे अपने घर लौट सकें और उनके साथ किए गए इस अन्याय का उचित न्याय मिले। वही इस पूरे मामले में टुंडी थाना प्रभारी उमाशंकर ने कहा कि पीड़िता के द्वारा दिए गए शिकायत पर 16 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कि गई है। अनुसंधान जारी है। पीड़ितों को जल्द इंसाफ मिलेगा। इसके बावजूद अगर पीड़ित को किसी प्रकार की दिक्कत हो रही है तो वह थाना में संपर्क कर सकती है। पुलिस पीड़िता के साथ है।

## मोबाइल न दिलाने से खफा छात्रा ने खाया जहर, मौत

**धनबाद ।** कॉलेज में सहेलियों के पास मोबाइल देख कर एक इंटर की छात्रा ने घर पर नया मोबाइल दिलाने की जिद की। परिजनों के इनकार करने पर छात्रा ने जहर खाकर जान दे दी। मामला धनबाद के पुटकी थाना क्षेत्र स्थित जरमा बस्ती का है। भाई बिजेंद्र गोप ने बताया कि उसकी बहन गीता कुमारी (17) इंटर की छात्रा थी। उसने पिछले कई दिनों से नया मोबाइल दिलाने की जिद कर रही थी। घर वालों की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण उसे दो महीने में नया मोबाइल खरीद देने की बात कही थी।इसके बावजूद उसने 22 फरवरी को परीक्षा देकर घर लौटने पर जहरीला पदार्थ खा लिया। अगली सुबह उसकी तबीयत खराब हुई तो उसे धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में शुक्रवार को उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बिजेंद्र ने बताया कि उसके पिता अनिल गोप राज मिस्त्री का कार्य करते है और वह भी एक दिहाड़ी मजदूर है। ऐसे में वे बहन की मांग समय पर पूरा नहीं कर सके जिस वजह से उसने ऐसा कदम उठा लिया और मौत हो गई।

## तीन ठिकानों पर आयकर का सर्वे दूसरे दिन रहा जारी

**रांची ।** आयकर विभाग का सर्वे शुक्रवार को भी रांची में तीन ठिकानों पर जारी रहा। इस दौरान आयकर के अधिकारी कागजातों की जांच में जुटे रहे। गौरतलब हो कि बीते गुरुवार को रांची में लालपुर सहित कुल छह ठिकानों पर सर्वे के लिए आयकर की टीम पहुंची थी। आयकर सूत्रों के अनुसार, इसमें लालपुर स्थित फूड प्रोडक्ट्स पैकेजिंग कंपनी के पांच परिसर सहित एक अन्य शामिल था। गौरतलब है कि कर चोरी को लेकर ही आयकर विभाग की टीम इन ठिकानों पर सर्वे के लिए पहुंची थी। इस दौरान आयकर की टीम बही-खाते की जांच के साथ लेनदेन के अंकित ब्योरों की जांच की। हालांकि, आयकर सूत्रों के अनुसार शुक्रवार देर शाम तक अभी जगह सर्वे कर टीम वापस आ गयी।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के विरोध में ग्रामीणों ने की बैठक, कहा जान देंगे, जमीन नहीं

**गढ़वा ।** सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के विरोध में एक बार फिर से सदर प्रखंड के सुखबाना गांव के ग्रामीण एकजुट हो गए हैं।ग्रामीणों ने शुक्रवार की शाम में निर्माणाधीन डंपिंग यार्ड में बैठक की और उसके निर्माण का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि गुरुवार को इसको लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारियों द्वारा एक बैठक भी बुलाई गई गई था, लेकिन उक्त बैठक में न तो डंपिंग यार्ड से प्रभावित लोग गए थे और न ही सुखबाना गांव का कोई ग्रामीण शामिल हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि वह पहले भी डंपिंग यार्ड के यहां बनाये जाने के विरोध में थे और अभी भी हैं। वह अपनी जान दे देंगे लेकिन अपनी जमीन नहीं देंगे। ग्रामीणों ने बताया कि नियमानुसार वन विभाग की सीमा से कम से कम 250 मीटर की दूरी होनी चाहिए लेकिन इसका भी पालन नगर परिषद की ओर से नहीं किया गया है। बैठक में संतोष कुमार, बीडीसी नंदकिशोर मेहता, अमानत खान, गुरुचरणमहतो, चंदन कुमार मेहता, नंदकिशोर मेहता, विकास कुमार, सुनील कुमार, जय सोनी, कंचन कुमार, शंकर भुइंया, अर्जुन मेहता, जीतू महतो, किशुन भुइयां, बिशन भुइयां, विश्वनाथ भुइयां, संजय भुइयां, शंकर मेहता, विक्रम भुइयां सहित अन्य मौजूद थे।

## मुफ्फसिल पुलिस ने अवैध कोयला लोड एक मालवाहक को किया जब्त

**गिरिडीह ।** मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो के नेतृत्व में एक टीम ने सीसीएल के बंद पड़े ओपेनकास्ट माइंस के पीछे हथखुट्टा जंगल के समीपने छापा कर अवैध कोयला लोड एक मालवाहक वाहन को जब्त किया है। जब्त वाहन पर पश्चिम बंगाल का नंबर अंकित है। मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि अवैध कोयला को मालवाहक पर लादकर तस्करी के लिए ले जाने की तैयारी थी। जिसकी गुप्त सूचना एसपी डॉक्टर विमल कुमार को मिली। सूचना के आलोक में कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में शामिल सभी लोगों की पहचान की जा रही है। सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जायेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी इस तरह के मामले में मुकदमा किया गया है। बता दें कि सीसीएल के बन्द पड़े कोयला खदानों से अवैध तरीके से कोयला का खनन किये जाने का काम यहां धड़ल्ले से जारी है।

# झारखंड राय विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षांत समारोह आयोजित, राज्यपाल हुए शामिल

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड राय विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मु य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि भारत को 2047 तक कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना है, हमें युवाओं से उ मीद है की भारत को विकसित कर गौरवान्वित करेंगे। आज भारत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना रहा है। यह हमलोगों के लिए खुशी की बात है की आज ही के दिन झारखंड राय यूनिवर्सिटी अपना पांचवां दीक्षांत समारोह मना रहा है। राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि जीवन में मार्ग खोजना है मंजिल तलाशनी है उपाधि केवल पुरस्कार नहीं बल्कि नई शुरुआत है। आपको समाज, राज्य और राष्ट्र को बहुत कुछ देना है और इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा दीक्षांत विद्यार्थियों को उत्साह और ऊर्जा




प्रदान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

का व्यापक और सकारात्मक असर आने वाले दिनों में दिखेगा। भविष्य का भारत इस शिक्षा नीति के तहत उभरकर सामने आएगा।

वहीं विश्वविद्यालय की चांसलर डॉ हरबीन अरोड़ा राय और कुलपति प्रो डॉ सविता सेंगर ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां बताई और कहा कि किसी भी राष्ट्र को दिशा देने में विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।यदि विश्वविद्यालय जीवंत और गुंजायमान होंगे तो हमारा राष्ट्र और स यता भी जीवंत होंगे।समारोह के दौरान राज्यपाल ने शक्ति सूत्र 108 सूत्र किताब का लोकार्पण भी किया। जिसकी लेखिका विश्वविद्यालय की चांसलर डॉ हरबीन अरोड़ा राय हैं। पुस्तक में शक्ति के 108 रूपों और सूत्रों का वर्णन किया गया है।झारखंड राय विश्वविद्यालय पांचवें दीक्षांत समारोह में कुल 393 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 10 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और एक को चांसलर मेडल प्रदान किया। इसमें स्नातकोत्तर के 122 विद्यार्थी, स्नातक के 184, डिप्लोमा पाठ्यक्रम के 87 छात्र शामिल हैं। साथ ही 23 शोध छात्रों को पीएचडी और तीन को एमटेक इन रिसर्च की डिग्री प्रदान की गई।

# बाबूलाल मरांडी ने सीएजी रिपोर्ट के हवाले से झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाए

**संवाददाता**

**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सीएजी रिपोर्ट के हवाले से झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि हेमंत सरकार का पिछला पांच साल वित्तीय कुप्रबंधन, लूट और भ्रष्टाचार से भरा रहा है।

मरांडी ने राज्य सरकार से पिछले पांच साल का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड में चिकित्सा कर्मचारियों की भारी कमी की रिपोर्ट कैग ने दी है। ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2022 तक, चिकित्सा अधिकारियों और विशेषज्ञों के 3,634 स्वीकृत पदों में से 2,210 पद खाली रह गए, जो कुल आवश्यकता का 61 प्रतिशत है। ऑडिट में झारखंड के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों और



पैरामेडिक्स की भारी कमी का खुलासा हुआ है। इसके अलावा, आवश्यक दवाओं की गंभीर कमी का भी पता चला। 2020-21 और 2021-22 के बीच, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में 65 प्रतिशत से लेकर 95 प्रतिशत तक आवश्यक दवाओं की कमी पाई गई।

उन्होंने कहा कि कैग रिपोर्ट में साफ है कि राज्य सरकार कोविड के लिए दी राशि खर्च नहीं कर सकी। सीएजी ने पाया है कि भारत सरकार ने कोविड प्रबंधन के लिए 483.54 करोड़ रुपये विमुक्त किए थे, इस राशि के विरुद्ध झारखंड सरकार को अपने हिस्से की 272.88 करोड़ की राशि विमुक्त करनी थी। कुल प्रावधान 756.42 के विरुद्ध राज्य सरकार ने केंद्रीय राशि का 291.87 करोड़ और राज्य का 145.10 करोड़ ही विमुक्त किया। यानी कुल 436.97 करोड़ का ही उपयोग किया। यह कुल जारी राशि का महज 32 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि सीएजी ने रिपोर्ट में यह भी लिखा है कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मार्च 2020 से दिसंबर 2021 के बीच राज्य आपदा कोष की 754.61 करोड़ की राशि कोविड 19 प्रबंधन के लिए विमुक्त की, लेकिन 539.56 करोड़ का उपयोग ही फरवरी 2022 तक किया गया।राशि खर्च नहीं होने से कोविड प्रबंधन प्रभावित हुआ। रिपोर्ट में जिक्र है कि कोविड-19 प्रबंधन निधि की राशि का समुचित उपयोग नहीं किए जाने के कारण जिला स्तर पर आरटीपीसीआर प्रयोगशालाएं, रांची में शिशु चिकित्सा उत्कृष्टता केंद्र, सीएचसी, पीएचसी, एचएससी में पूर्व निर्मित संरचनाएं एवं तरल चिकित्सा ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना नहीं हो पाई। कोविड अवधि के दौरान जिला प्रयोगशालाएं स्थापित नहीं हुईं, इस कारण जिला अधिकारियों को एकत्र किए गए सैंपल को दूसरे जिलों में भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा। परिणामस्वरूप जांच रिपोर्ट प्राप्त करने में पांच दिन से लेकर दो माह से अधिक तक की देरी हुई। उन्होंने कहा कि 19125 करोड़ राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया, भ्रष्टाचार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट में उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने पर विभागों में भ्रष्टाचार की आशंका जाहिर की गई है।

## 15 लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ महिला सहित 13 तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम ।** ब्राउन शुगर तस्करों के खिलाफ जमशेदपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।जहां एसएसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर गठित एसआईटी ने जुगसलाई थाना क्षेत्र में छापेमारी करते हुए 15 लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ महिला सहित 13 तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।पुलिस ने उनके पास से डेढ़ सौ ग्राम ब्राउन शुगर, 8 मोबाइल, 7920 नगद, एक डिजिटल माप तौल मशीन, एक स्टेपलर एवं पैकेट स्टेपलर पिन, चम्मच, पॉलिथीन आदि बरामद किया है।पुलिस की गिरफ्त में आए तस्करों में अब्दुल हमीद, मोहम्मद जाकिर, सज्जाद खान ऊर्फ अमन, शेख फरीदी उर्फ खदबद, आरिफ खान उर्फ पीतल, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद चांद, मोहम्मद अरबाज उर्फ रोहित, नगमा खातून, मोहम्मद आमिर गद्दी, अमृत गुड़िया, सावन दास शामिल है।इनमें से अब्दुल हमीद का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।इसकी जानकारी देते हुए सिटी एसपी कुमार शुभाशीष ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ब्राउन शुगर का एक बहुत बड़ा रैकेट जुगसलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत कुछ दिनों से सक्रिय है। रैकेट का सबसे बड़ा तस्कर अब्दुल हमीद नामक व्यक्ति द्वारा जो उड़ीसा एवं आदित्यपुर सरायकेला की तरफ से ब्राउन शुगर लाकर जुगसलाई में इसकी तस्करी कर रहा है।उन्होंने बताया कि गिरोह द्वारा भाकुड़ उर्फ़ खुर्शीद, निजाम, आफताब खान उर्फ टोनू एवं दिलशाद खान उर्फ राजा को ब्राउन शुगर की तस्करी करता है। इन्हीं रैकेट के सक्रिय गिरोह के सदस्य जुगसलाई थाना अंतर्गत पार्वती घाट के आसपास खरखाई नदी के किनारे भारी मात्रा में ब्राउन शुगर लेकर पहुंचे हैं तथा बाजार में बिक्री करने के लिए छोटा-छोटा पुड़िया तैयार कर रहे हैं।जिस पर त्वरित कार्रवाई हेतु उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।टीम ने तत्परता दिखाते हुए गिरोह के सभी सदस्यों को धर दबोचा।

## चोरी की 15 बाइक के साथ अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह ।** चोरी की 15 बाइकों के साथ गिरिडीह के पचम्बा थाना पुलिस ने इंटरस्टेट बाइक चोर गिरोह के शातिर अभिषेक कुमार बरनवाल ( शस्त्रीनगर गिरिडीह) को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी डॉक्टर बिमल कुमार,डीएसपी कोसर अली ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कि अभिषेक बरनवाल ने जमुई के लाला पासवान के साथ गिरिडीह में शहर और मुफ्फसिल तथा पचम्बा थाना इलाके दो पहिया गाड़ियों के चोरी करने की योजना बनायी। करीब चार माह में इसने अलग-अलग दिनों में करीब 20 से अधिक बाइक कि चोरी कर लिया। एसपी ने बताया कि फिलहाल अभिषेक बरनवाल का साथी लाला पासवान फ़रार है। जांच अभियान के दौरान एक चोरी कि गाडी के साथ दबोचा गया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि अब तक जितनी गाड़ियों को उसने चुराया है वो इसने अकेले किया है। अभिषेक से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर शास्त्री नगर के घर से करीब चार चोरी के बाइक को बरामद गईं। इसी प्रकार अलग अलग इलाकों से चोरी की 15 बाइकें बरामद हुई हैं।

## झारखंड के उत्तर -पश्चिमी जिलों में होगी एक मार्च से बारिश

**रांची ।** राज्य के उत्तर पश्चिमी जिलों में शनिवार को हल्की बारिश और एक दो स्थानों पर वज्रपात होने की आशंका है। जिन जिलों में बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा शामिल है। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि यह स्थिति पश्चिमी विक्षोभ के चलते पैदा हो रही है। उन्होंने बताया कि राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में इस बदलाव का असर कम देखने को मिलेगा। रांची में इसकी वजह से शनिवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे।

## स्वास्थ्य विभाग में पैसे का दुरूपयोग : सरयू

**रांची ।** जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में पैसे का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब इसके खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई थी तो उनपर एफआईआर दर्ज कर दिया गया और कहा गया कि उन्होंने दस्तावेजों की चोरी की है। सरयू राय ने कहा कि सत्र के पूर्व आसन ने यह निर्देश दिया था कि विधायकों के प्रश्नों के जवाब समय पर और सही मिले। बावजूद इसके अधिकारियों की ओर से प्रश्नों के सही उत्तर नहीं दिए जा रहे हैं। सरयू राय ने कहा कि सरकार की ओर से वर्ष 2024 में 268 करोड़ रुपए खर्च की मंजूरी सदन से नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो जरूरत के लिए राज्य की आकस्मिकता निधि से पैसा ले सकती है। राज्य की आकस्मिकता निधि में एक हजार करोड़ होते हैं, लेकिन सरकार ने इस राशि में से महज 12 करोड़ रुपए ही लिए।


**राज्य में महिला विधायक असुरक्षित : श्वेता**

भाजपा विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि राज्य में जब कोई महिला विधायक ही सुरक्षित नहीं है तो राज्य में आम आदमी की सुरक्षा कहां से हो पाएगी। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय पर चार लोगों ने फायरिंग की। इस मामले में 25 दिनों बाद एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें से दो आरोपितों को क्लीन चीट दे दिया गया।

**आदिवासी राज्य में आदिवासी ही हाशिए पर : जयराम**

विधायक जयराम महतो ने कहा कि राज्य की आदिवासी सरकार में आदिवासी ही हाशिए पर हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस की वेबसाइट पर 72 नक्सलियों के नाम हैं, जिसमें अधिकांश नक?सली आदिवासी और मूलवासी हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासियों के लिए बनाया गया, लेकिन आदिवासियों की ऐसी स्थिति जस की तस है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकार को प्रखंड कार्यालयों में हो रहे भ्रष्टाचार पर नकेल कसनी चाहिए।

## सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी भावभीनी विदाई



**रांची ।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में आज एक भव्य ÷सम्मान समारोह÷ का आयोजन किया गया, जिसमें फ़रवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 100 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 7 कर्मियों को विदाई दी गई। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में - आई. ई. विभाग से श्री अरुण कुमार पांडेय, मुख्य प्रबंधक (आई. ई.); भर्ती विभाग से श्रीमती अर्चना सिन्हा, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक); उत्खनन विभाग से श्री धर्मेंद्र कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन); गांधीनगर अस्पताल से डॉ. हेमंत केरकेट्टा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी; गांधीनगर अस्पताल से श्री सुनील के. एन., मुख्य रेडियोग्राफर; कल्याण विभाग से श्रीमती गीता कुमारी, वरीय लिपिक एवं लपंगा ड्रिलिंग कैंप से श्री मिटिक नाहक, रिगमैन शामिल हैं। समारोह में आई. ई. विभाग के विभागाध्यक्ष श्री वी. के. शुक्ला, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्?ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है।

## 108 एंबुलेंस सेवा को लेकर सत्ता पक्ष ने सरकार को घेरा

**रांची ।** विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन 108 एंबुलेंस सेवा को लेकर सत्ता पक्ष ने सरकार को घेरा। विधायक अमित कुमार यादव ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज निर्माण की मांग उठाई, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि कोडरमा में मेडिकल कॉलेज का 38% निर्माण पूरा हो चुका है। पहले चरण में धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और जमशेदपुर में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। इसके अलावा, पांच सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल और 108 एंबुलेंस सेवा को मजबूत करने की योजना है। विधायक स्टीफन मरांडी ने 108 एंबुलेंस और सदर अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने की मांग की, जबकि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सेवा की नियमावली में संशोधन का सुझाव दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 108 एंबुलेंस सेवा का जिम्मा नई एजेंसी को सौंपा गया है और इस पर कार्य जारी है।श्रम मंत्री संजय प्रसाद सिंह यादव ने कहा कि सरकार रोजगार के प्रति उदार दृष्टिकोण अपना रही है। 24 में से 18 जिलों में रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं, और कुटीर एवं मध्यम उद्योगों में रोजगार बढ़ाने के प्रयास जारी हैं।विधायक प्रदीप यादव ने शिकायत की कि उनके सवालों के जवाब समय पर नहीं मिल रहे हैं। स्पीकर ने सभी विभागों को समय पर उत्तर देने का निर्देश दिया, लेकिन प्रदीप यादव ने देरी पर नाराजगी जताते हुए संबंधित सचिव पर कार्रवाई की मांग की।भाजपा विधायक राज सिन्हा ने 917.69 करोड़ की धनबाद पेयजलापूर्ति योजना पर चर्चा न होने को लेकर सवाल उठाए। प्रभारी मंत्री ने जवाब दिया कि धनबाद में कुल 12 योजनाएं चल रही हैं, जिनमें स्टेट प्लान की योजनाएं पूरी हो चुकी हैं,

## तसर उद्योग के लिए विशेष पैकेज की मांग, विधायक दशरथ गागराई ने सदन में उठाया मुद्दा

**रांची ।** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने तसर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार से विशेष पैकेज देने की मांग की है।विधानसभा सत्र के चौथे दिन शून्य काल के दौरान विधायक दशरथ गागराई ने इस मामले को सदन में उठाया।उन्होंने कहा, झारखंड राज्य का 35 फीसदी से अधिक तसर कोसा का उत्पादन कोल्हान प्रमंडल में होता है।पिछले तीन वर्षों में पूरे राज्य में तसर कोसा के उत्पादन में भारी कमी दर्ज की गई है। और यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। विधायक ने बताया कि तसर उद्योग से जुड़े अधिकांश सामान्य सुलभ केंद्र बंद कर दिये गये हैं। ये सामान्य सुलभ केंद्र गांव की महिलाओं के रोजगार सृजन के मुख्य केंद्र हुआ करते थे।विधायक दशरथ गागराई ने सदन में राज्य सरकार से तसर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए स्पेशल पैकेज की व्यवस्था करने की मांग की है।जानकारी के अनुसार झारखंड में तसर उद्योग को बढ़ावा देने को केंद्र व राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है।लेकिन पिछले कुछ वर्षों से कच्चे तसर के उत्पादन में भारी कमी आ रही है।इस वर्ष राज्य में करीब 1350 मीट्रिक टन कच्चे रेशम का उत्पादन हो पाया है। झारखंड में वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2020-21 तक औसतन 2000 मीट्रिक टन से अधिक कच्चे रेशम का उत्पादन होता था।वर्ष 2021-22 से उत्पादन लगातार घटते चला गया।झारखंड का खरसावां-कुचाई ऑर्गेनिक रेशम उत्पादन के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है।यहां रेशम कीट पालन से लेकर कोसा उत्पादन तक में रसायन का उपयोग नहीं होता है।यहां के कुकून की काफी मांग भी है। मालूम हो कि देश में उत्पादित तसर में 60 से 65 प्रतिशत झारखंड में होता है। पूरे राज्य के 35 फीसदी तसर कोसा का उत्पादन कोल्हान में होता है। देश में वर्तमान में 3.5 लाख लोग तसर आधारित कारोबार से जुड़े हैं। इनमें 2.2 लाख लोग झारखंड के विभिन्न हिस्सों में जुड़े हैं।

## दो हादसों में तीन की मौत, पांच घायल

**गिरिडीह ।** जिले के बिरनी और बगोदर मे शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। सबसे दर्दनाक हादसा बिरनी में हुआ। इलाके के सलेडीह गांव में एक तेज रफ़्तार स्कार्पियो संतुलन बिगड़ने के कारण पलट गया। इस दौरान स्कार्पियो सवार दो लोगों की मौत हो गई। पांच अन्य जखमी हो गए। मृतकों में सलेडीह गांव निवासी 19 वर्षीय आकाश राय और बिट्टू तुरी शामिल हैं। गाड़ी मे सवार घायलों में मधुबन थाना इलाके के विवेक कुमार, जतिन कुमार, डब्लू राय, संतोष राय और एक अन्य हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से भरकट्टा ओपी पुलिस घायलों को इलाज के लिए सदर भेजा गया। दूसरी घटना बगोदर थाना इलाके के हेशला गांव में रोड क्रॉस करने के दौरान हुई। सला गांव निवासी काजू सिंह के बेटे को एक अज्ञात गाड़ी ने रौंद दिया। बगोदर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

## दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने एसीएम पद की परीक्षा तिथि घोषित की

**रांची ।** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने असिस्टेंट कमर्शियल मैनेजर (एसीएम) पद के लिए परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा चार और 18 मई को सीबीटी मोड में आयोजित होगी। इसमें कार्यरत रेल कर्मचारियों को अवसर दिया जाएगा। परीक्षा में सीसीआई सहित अन्य रेल कर्मचारियों को 70 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल के असिस्टेंट पर्सनल अफसर मो. इबरार ने शुक्रवार को आधिकारिक पत्र जारी किया है।


## फार्म-IV

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : | दुमका (झारखंड) |
| 2. प्रकाशन की नियत अवधि | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | अशोक कुमार |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड) |
| 4. प्रकाशक का नाग | : | अशोक कुमार |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड) |
| 5. संपादक का नाम | : | अशोक कुमार |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड) |
| 6. उन व्यक्तियों के, जो समाचार पत्र के स्वामी हैं और उन भागीदारों या शेयरधरकों के, जो कुल पूंजी के 1 प्रतिशत से अधिक अंश के धारक हैं. नाग और पते। | : | अशोक कुमार<br>कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड) |

मैं .......................अशोक कुमार............................................ मेरे सर्वोतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही हैं। घोषणा करता हूं कि उपर दी गई विशिष्टियां सही हैं।

दिनांक: 01-03-2025

हस्ताक्षर /- अशोक कुमार
प्रकाशक

## सड़क दुर्घटना में चार घायल, भर्ती

**संताल एक्सप्रेस**साहिबगंज।जिले के तालझारी थाना क्षेत्र क्षेत्र अंतर्गत महाराजपुर में सड़क दुर्घटना में गुरुवार की रात चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया।सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।बताया जा रहा है कि तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराजपुर गांव में मेले का आयोजन किया गया था। जानकारी के अनुसार मेला देखने के लिए मिर्जाचौंकी से बाइक पर चार लोग महाराजपुर जा रहे थे।उसी दौरान अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया।टक्कर लगने से मिर्जाचौंकी थाना क्षेत्र के हाजीपुर निवासी रवि कुमार 18 वर्ष,आशीष मंडल 17 वर्ष,उपेंद्र मंडल 16 वर्ष,अशोक मंडल उम्र 20 वर्ष गंभीर रूप से गायब हो गया।

## मैट्रिक परीक्षा कदाचार मुक्त हुआ सम्पन्न

**संताल एक्सप्रेस** साहिबगंज/बोरियो जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा बोरियो के तीन परीक्षा केन्द्रों पर शुक्रवार को संपन्न हुई। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरे के कड़े निगरानी में परीक्षा ली गई। परीक्षा को लेकर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ परीक्षा केंद्र पर पहुंचने लगी।निर्धारित समय पर स्टैटिक दंडाधिकारी केन्द्राधीक्षक व पुलिस बलों ने सघन जांच कर परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश कराया।बोरियो के शिबू सोरेन जनजातीय इंटर कालेज,बालक मध्य विद्यालय बोरियो,प्लस टू आर के हाई स्कूल में कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ।शिबू सोरेन जनजातीय इंटर कॉलेज के केंद्राधीक्षक प्रो. डॉ. कुलेश ठाकुर ने बताया कि अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के पाली में 277 परीक्षार्थी में से 275 परीक्षार्थी शामिल हुए थे 2 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। इस मौके पर विक्षक के रूप में आदिल राशिद, अकमल हुसैन, संजीव कुमार, कुलंजय कुमार, नजमुल, अमरुद्दीन, उज्जल प्रकाश, राजेंद्र साह, अमीर हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।

## महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर का हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम



साहिबगंज।जिला के तालझारी क्लस्टर में मसकलैया पंचायत भवन में शुक्रवार को इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर (ढ्ढस्नष्ट) के अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम किया गया।प्रोग्राम के दौरान आईएफसी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा कर दीदीयों को एकीकृत कृषि संकुल की संपूर्ण जानकारी दी गई।इस प्रणाली के तहत फसल उत्पादन,पशुपालन,मत्स्य पालन,बागवानी और अन्य कृषि से जुड़े उद्यमों को आपस में जोड़कर आय के विविध स्त्रोतों को बढ़ाने की रणनीति समझाई गई। वहीं बताया कि यह कार्यक्रम स्थानीय महिलाओं को कृषि आधारित उद्यमों के प्रति जागरूक और सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम में जेएस एलपीएस के सभी स्वयं सहायता समूह दीदीयों के साथ-साथ स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही,पंचायत की मुखिया सबी मरांडी,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सरफ़राज़ नवाज, एफटीसी कृष्ण कांत रक्षित,सीसी शाहनवाज़ आलम,संतोष,रोहिदा, अध्यक्ष अनीता देवी,हुस्नारा बीबी,सरिजिनी मरांडी,विशाखा देवी,अजय मंडल,रवि बड़ा,जोस्फीन, सबिता, हेमलता एवं सैकड़ों स्वयं सहायता समूह की दीदी उपस्थित थी।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**साहिबगंज।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में शुक्रवार को डीसी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार लगाया गया। डीसी ने लोगों से मिलकर उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं प्राप्त आवेदन पर सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समाधान करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि जिले वासियों की समस्याओं से अवगत होने के लिए डीसी द्वारा अपने कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार लगाया जाता है।

## डीटीओ ने पांच ट्रक को किया जप्त

साहिबगंज। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शुक्रवार को डीटीओ द्वारा शुक्रवार को जांच के दौरान पांच ट्रकों को जप्त किया गया है। सभी जप्त ट्रकों को उपस्थित थाना की अभिरक्षा में दे दिया गया है। जानकारी केमुताबिक जांच के दौरान ट्रक संख्या बीआर 28जी /7260,जेएच04 के/6184,जेएच02एच/2561, बीआर 11जीबी/8658 एवं ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन संख्या बी आर 10जीए/9624 को जप्त किया गया है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301, होतेते नोवाको आसनसोल मंडल होते 5 बो़छो़र सो़मो़य ला़गित् एकल आधार रे वाटर वेंडिंग मिसिनको (डब्ल्यूवीएम) बानाधाव आर चालाव ला़गित् लाइसेंस एमो़क् ला़गित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे होते ते आईआरईपीएस पोर्टल होतेते ई-ठिका़य नेवतायेत् कानाः ठिका़ सूचीसाकाम सं.: एएसएन-डब्ल्यूवीएम-25-1, सिक्रेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, ठा़ँय, ता़रिक/सो़मो़य दो़ नोडका लेका कानाः (एए/1), एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-डब्ल्यूवीएम-23-25-1; देवघर रेलवे स्टेशन रे प्लेटफॉर्म सं. 1 रे आसो़ल पीएफ शेड लातार पीडब्ल्यूआई कार्यालय सोर रे दुडुप् बेबो़सता सं. 18 सोर रे, ता़रिक 17.03.2025 हिलोक् तिकिन 12.30 बजे। (एए/2), एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्ल्यूवीएम-27-25-1; अंडल रेलवे स्टेशन रे प्लेटफॉर्म सं. 5-6 रे ओएचई मास्ट सं. 189/26 बी सोर रे, ता़रिक 17.03.2025 हिलोक् तिकिन 12.40 बजे। (एए/3), एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्ल्यूवीएम-26-25-1; अंडाल रेलवे स्टेशन रे प्लेटफॉर्म सं. 3-4 रे ओएचई मास्ट सं. 186/36 सोर रे, ता़रिक 17.03.2025 हिलोक् तिकिन 12.50 बजे। (एए/4), एमएसएस-एएसएन-जीआरडी-डब्ल्यूवीएम-22-25-1; गिरिडीह रेलवे स्टेशन दिव्यांगजन गेट सोर रे, ता़रिक 17.03.2025 हिलोक् तिकिन 1 बजे। (एए/5), एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्ल्यूवीएम-25-25-1; अंडाल रेलवे स्टेशन रे प्लेटफॉर्म सं. 1-2 रे ओएचई मास्ट सं. 186/35 आर 187/1 ताला, ता़रिक 17.03.2025 हिलोक् तिकिन 1.10 बजे। (एए/6), एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-डब्ल्यूवीएम-24-25-1; देवघर रेलवे स्टेशन रे प्लेटफॉर्म सं. 2 रे सबवे सोर रे दुडुप् रेयाक् बेबो़सता सं. 4 आर 5 ताला रे शेड लातार रे, ता़रिक 17.03.2025 हिलोक् तिकिन 1.20 बजे। (एए/7), एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-डब्ल्यूवीएम-21-25-1; दुमका रेलवे स्टेशन रे प्लेटफॉर्म सं. 1 रे एबीएसएस बिल्डिंग सामाङ रे, बुकिंग कार्यालय आर बो़लो़क् दुवा़र तायो़म रे पीएफ शेड लातार रे, ता़रिक 17.03.2025 हिलोक् तिकिन 1.30 बजे। जोतो़ प्रत्याशित बोलीदाताको ओ़लाक् अनुसूची लेकाते चेतान रे ओ़लाकान ई-ठिका़ रेयाक् जोतो़ विवो़रो़न आर ओना रे सेलेदो़क् ला़गित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ञेल ला़गित् सोलहा एमावाको काना।

(ASN-355/2024-25)

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल**

ठिका़ खोबो़रको वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in नोआ रे हों मेनाक़्आ।

नोण्डे ञेलपे : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## साइंस सेंटर, इनडोर स्टेडियम सोलर लाइट और अफेरेसिस मशीन का डीसी ने किया उद्घाटन

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**

**साहिबगंज।** जिला के डीसी हेमंत सती ने शुक्रवार को जिला के सिद्धो-कान्हू स्टेडियम के पास स्थित नवनिर्मित साइंस सेंटर का उद्घाटन किया।इस सेंटर के माध्यम से जिले के विद्यार्थियों और आम नागरिकों को विज्ञान और तकनीक के प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं इनडोर स्टेडियम में सौर ऊर्जा से संचालित सोलर लाइट का भी उद्घाटन किया। साथ ही साहिबगंज सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में अत्याधुनिक अफेरेसिस मशीन स्थापित की गई है।यह मशीन डेंगू, मलेरिया,थैलेसीमिया,ल्यूकेमिया और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होगी।अफेरेसिस तकनीक के माध्यम से रक्त से प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और अन्य आवश्यक रक्त अवयवों को अलग किया जा सकेगा। डीसी ने कहा कि अफेरेसिस मशीन के आने से जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं और अधिक



उन्नत होंगी।साथ ही सुरक्षित और कुशल रक्तदान संभव होगा,जिससे मरीजों को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल सकेगा। डीसी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे आगामी 1 मार्च को सदर अस्पताल साहेबगंज में लगने वाले ब्लड डोनेशन कैंप में आकर रक्तदान करने की अपील की।

## पार्किंग स्थल में लगे दुकानों को हटाया गया



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** के नगर परिषद की ओर से शुक्रवार को सदर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार व नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। शहर के सुभाष चौक से बिजली ऑफिस तक सड़क किनारे पार्किंग स्थल में लगे मिट मुर्गा फल सहित अन्य दुकानों को हटाया गया। नगर परिषद की ओर से उक्त स्थल को पार्किंग स्थल बनाकर घेराबंदी की गई थी। जिसके अंदर दुकान लगा दिया गया था। वही सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश देकर दुकानों को हटाया गया। मौके पर सीटी मैनेजर बिरेश कुमार, जेई, टैक्स कलेक्टर, तहसीलदार सहित अन्य थे।

## दर्जनों मिट्टी लदा ट्रैक्टर रोजाना पहुंच रहे ईंट भट्ठा, प्रशासन पस्त मिट्टी माफिया मस्त



उधवा।जिला के उधवा अंचल क्षेत्र अंतर्गत दियारा क्षेत्र के नदी किनारे व खेत से प्रशासन के बिना अनुमति के धड़ल्ले से मिट्टी उत्खनन का खेल जारी है। जेसीबी से गंगा तट व खेत से अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन कर ऊंचे दामों में बेचने का काम किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रोजाना दर्जनों मिट्टी लदा ट्रैक्टर बेगमगंज के रास्ते चांदशहर होते हुए नवपाड़ा ईंट भट्ठा पहुंच रहे है। जहां नवनिर्मित चिमनी ईंट भट्ठा में ईंट बनाने के लिए मिट्टी का भंडारण किया जा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक बेरोकटोक ट्रैक्टरों का आवागमन हो रहा है। सूत्र बताते है कि श्रीधर बहियार से मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है। मिट्टी माफिया अवैध तरीके से मिट्टी बेचकर सरकार के राजस्व की खुलेआम चोरी कर रहे है। ट्रैक्टर चालक खेप लगाने के लिए तेज गति से वाहन चलाते है,जिससे गांव के लोगों में भय बना हुआ है। ट्रैक्टरों के तेज गति से कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।सड़कों से उड़ती धूल व ट्रैक्टरों की आवाज से लोगों के सेहत पर भी बुरा असर पड़ रहा है। कार्रवाई नही होने से मिट्टी माफिया मस्त है और जनता त्रस्त। प्रशासन को इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए अवैध उत्खनन और नवपाड़ा स्थित नवनिर्मित ईंट भट्ठा की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## रेल पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान




संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।रेलवे सुरक्षा बल साहिबगंज के उप निरीक्षक सरोज कुमार एवं आरक्षी नितीश कुमार के द्वारा शुक्रवार को लेबल क्रासिंग गेट स?ख्या 82 एवं किलोमीटर स?ख्या 232/2-3 ग्राम अंजुमन नगर एवं रसूलपुर दहला,जिला साहिबगंज में जागरूकता अभियान चलाया गया।जिसमें लोगों व जनता को जब गेट बंद रहे तो यातायात नहीं करने,ट्रेन पर पत्थर नहीं मारने,रेलवे लाइन में यातायात नहीं करने,रेलवे लाइन पर पत्थर नहीं रखने,रेल लाइन के किनारे जानवर नहीं लाने एवं यातायात नहीं करने,चलती ट्रेन पर नहीं चढ़े और ना ही उतरे रेलवे टोल फ्री नंबर 139 एवं अन्य महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया।

## नीमगाछी में 12 अप्रैल से सिदो कान्हू मेला का आयोजन



**मंडरो,साहिबगंज।** महादेववरन पंचायत के नीमगाछी गांव में सिद्धू कान्हू मेला के आयोजन को लेकर शुक्रवार को मिर्जाचौकी नीमगाछी स्थित कारुबांध मैदान में मेला समिति के अध्यक्ष सुनील मरांडी के अध्यक्षता में व कोषाध्यक्ष बिट्टू हेंब्रम के उपस्थिति में समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक किया गया।बैठक के दौरान आगामी 12,13 एवं 14 अप्रैल को सिद्धू कान्हू मुर्मू सिद्दो क्लब नीमगाछी के द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया जाएगा।जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले विजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा इस दौरान जानकारी देते हुए मेला समिति के कोषाध्यक्ष बिट्टू हेंब्रम ने बताया की इस वर्ष नीमगाछी गांव में भव्य सिद्धू कान्हू मेला का आयोजन किया जाएगा।साथ मे फुटबॉल टूर्नामेंट का भी आयोजन कराया जा रहा है।इस टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 80 हजार,द्वितीय पुरस्कार 60, तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार 15 हजार दे कर सम्मानित किया जाएगा।इसको लेकर अभी से ही मेला की तैयारी जोर शोर से की जा रही है।वहीं कहा कि मेला में नांगड़े नाच का भी आयोजन किया जा रहा है,इसमें भी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष सुनील मरांडी,सचिव जोन सोरेन,फिलीप सोरेन,प्रेम सोरेन,कोषाध्यक्ष बिट्टू हेंब्रम, बिमल मरांडी,मानवेल सोरेन सहित कई सदस्य बैठक में उपस्थित थे।

## परीक्षा केंद्र बना अखाड़ा- छात्रों के बीच मारपीट, एक घायल

**मिहिजाम।** शुक्रवार को मिहिजाम स्थित प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल और राजकीय बुनियादी विद्यालय के बाहर 10वीं कक्षा की परीक्षा देकर निकले छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। मिहिजाम और बागजोड़ी के छात्रों के बीच हुआ यह विवाद जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें बागजोड़ी के छात्र विवेका वीरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर पर गहरी चोट लगने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंग्रेजी परीक्षा के दौरान नकल को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो परीक्षा समाप्त होते ही स्कूल के बाहर हिंसा में तब्दील हो गया। दोनों पक्षों के छात्रों के बीच लात-घूंसे और धक्का-मुक्की हुई, जिससे परीक्षा केंद्र का माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। थाना प्रभारी विवेकानंद दूबे ने बताया कि मामले की जांच जारी है और मारपीट की असली वजह पता लगाने के लिए संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल, परीक्षा केंद्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और अन्य परीक्षार्थी भयमुक्त वातावरण में परीक्षा दे सकें।

## वाहन जाँच के दौरान हुई 42950 की वसूली।

साहिबगंज।जिला परिवहन पदाधिकारी व मुख्यालय डीएसपी के नेतृत्व में शुक्रवार को विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह जांच अभियान जिला परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन के संयुक्त रुप से चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाना था।जांच के दौरान पुलिस और परिवहन विभाग की टीम ने दोपहिया, तिपहिया (टोटो), और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान कई वाहन बिना वैध दस्तावेजों, हेलमेट व सीट बेल्ट के बिना चलते पाए गए, जिन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी गई।अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) मिथिलेश कुमार चौधरी,मोटर यान निरीक्षक अभिषेक मुंडा, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा, एसडीपीओ किशोर तिर्की, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज शाह, रोड सेफ्टी इंजीनियर अनुज कुमार, आईटी असिस्टेंट राजहंस और जिरवाबाड़ी पुलिस के जवान मौजूद रहे।मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा ने कहा कि इस तरह के विशेष जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगा ताकि यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही, उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे हमेशा हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करें और अपने वाहन के सभी दस्तावेज अपडेट रखें।परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल यातायात नियमों को लागू कराना है,बल्कि सड़क पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से जिले के अन्य हिस्सों में भी चलाया जाएगा।

## मैट्रिक में 13239 ओर इंटर में 5283 अभ्यर्थी उपस्थित

**संताल एक्सप्रेस**साहिबगंज झारखंड अधिविध परिषद रांची बोर्ड की ओर से आयोजित मैट्रिक और बारहवीं इंटर की परीक्षा में शुक्रवार को पहली पाली सुबह 9~45 से दोपहर एक बजे तक मैट्रिक और दोपहर दो बजे से शाम 5~15 बजे तक बारहवीं इंटर का परीक्षा आयोजित किया गया। मैट्रिक में अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिला के 36 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया। जिसमें कुल अभ्यर्थी 13349 थे, उपस्थित 13239 अभ्यर्थी व अनुपस्थित 110 अभ्यर्थी हुआ। वही बारहवीं इंटर में इतिहास विषय की परीक्षा जिला के 16 परीक्षा केंद्रों मे हुआ। जिसमें कुल अभ्यर्थी 5336, उपस्थित 5283 अभ्यर्थी, अनुपस्थित 53 अभ्यर्थी हुआ। डीईओ दुर्गानंद झा ने बताया कि जिला में परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुआ।

## गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर, भूमि पूजन आज

**साहिबगंज/** बोरियो प्रखंड के बांझी बाजार में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह संस्कार महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। आगामी 4 से 6 मार्च तक आयोजित इस महायज्ञ की सफलता को लेकर शनिवार को वैदिक रीति रिवाज से भूमि पूजन किया जाएगा। महायज्ञ के संयोजक सुशील भगत ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ साहिबगंज की देखरेख में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित पुरोहितों की टोली द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। संयोजक श्री भगत ने यह भी बताया किमहायज्ञ के निर्विघ्न सफलता को लेकर स्वामी राम कृष्ण परमहंस जी की जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को यज्ञ स्थल पर ही भूमि पूजन किया जाएगा। बताया गया कि इस कार्यक्रम में आसपास के दर्जन भर गांवों के काफी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। प्रथम दिन 4 मार्च को माताओं बहनों द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला जाएगा। महायज्ञ में अजय पंडित अमन चौधरी प्रह्लाद भगत सुनील साह अरविंद भगत कैलाश भगत बासुदेव पंडित पंकज जायसवाल श्रीकांत प्रभाकर संजीत साह उत्तम दत्ता आदि सहयोग कर रहे हैं।

## आज दिखेगा रमजान का चांद,मस्जिदों में शुरू होगी तरावीह की नमाज

साहिबगंज।रमजान महीने का आज चांद दिखने की संभावना है।रमजान का चांद दिखने के साथ ही मस्जिदों में रमजान महीने की विशेष नमाज तरावीह शुरू हो जाएगी।रमजान महीने में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा तीस दिनों तक रोजा रखते हैं।साथ ही इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करते हैं। रोजेदारों द्वारा अपने रोजे की तैयारियों में जुटे हैं।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा बाल बाल बचे चालक

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़) सिमलोंग ओपी क्षेत्र के कुंजबोना सिमलोंग मुख्य सड़क दुमगो गांव के समीप शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चालक बाल बाल बच गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर ओपी क्षेत्र में बालू खाली कर सिमलौंग की ओर जा रहा था ठीक दुमगो गांव के समीप चालक का संतुलन बिगड़ गया जिससे गाड़ी सड़क के किनारे पलट गया। हालांकि किसी भी प्रकार हताहत होने की सूचना नहीं है। सिमलौंग पुलिस को घटना की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गए हैं।

## पंचायत सचिव के सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई



संताल एक्सप्रेसराजमहल,साहिबगंज।प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दाहुटोला पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को पंचायत सचिव के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई।विदाई समारोह में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी मो युसुफ शामिल हुए।विदाई समारोह में कर्मियों तथा जनप्रतिनिधियों ने फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी।इस दौरान सीओ ने कहा कि सेवानिवृत्त होना एक सरकारी प्रक्रिया है। सरकारी सेवा में 60 वर्ष के बाद सेवानिवृत्त हो जाते है। खान मोहम्मद के बारे में कहा कि वे व्यवहार के धनी और मिलनसार व्यक्ति थे। वहीं पूर्व पंचायत सचिव ने कहा कि सेवानिवृत्त,योगदान, स्थानांतरण एक सरकारी प्रक्रिया है।उपस्थित सभी लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर मुखिया मुखीया नुरजहा बीबी, मुखीया पति अब्दुल सत्तार, वार्ड सदस्य कुरहान शेख, मोहम्मद नासीम शेख, मेसेर आली सहित अन्य मौजूद थे।

## पीएम आवास योजना के तहत लगाया गया शिविर।



**साहेबगंज।** नगर क्षेत्र के झंडा मेला वार्ड संख्या 26 में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु योग्य लाभुकों के लिए शिविर लगाया गया।कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह के निर्देश पर इस शिविर में वैसे लाभुक,जो योजना के लाभ से वंचित रह गए थे,उनके आवेदन ऑनलाइन जमा कराने एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई।शिविर में आवास योजना के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, रतना गुप्ता, सरवरी खातून एवं कमल कुमार उपस्थित थे।अधिकारियों ने लाभुकों को योजना की प्रक्रिया,पात्रता एवं दस्तावेजों की जानकारी दी।साथ ही योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन प्रक्रिया को समय पर पूरा करने की अपील की गई।

## लंबे समय से पदस्थापित लैब टेक्नीशियन को तबादला करने का निर्देश

**संताल एक्सप्रेस**साहिबगंज शुक्रवार को जिले के सदर अस्पताल में जिला उपायुक्त हेमंत सती ने ब्लड बैंक का जायजा लेते हुए सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान व्यवस्था को देख डीसी हेमंत सती ने नाराजगी जाहिर की। डीसी ने लंबे समय से पदस्थापित लैब टेक्नीशियन को इधर से उधर करने का सीएस को सख्त निर्देश दिए है। डीसी ने नए लैब टेक्निशनिय को यहां लगाने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक लैब टेक्नीशियन मो. अजहर, नौशाद आलम, चंदन कुमार, विजय कुमार यादव सात वर्ष से अधिक समय से यहां पर टिका है। अबतक इनलोगो का कई अन्य जगह तबादला नही हुआ है।

## मजदूर की हार्ट अटैक से मौत

उधवा।राधानगर थाना के दक्षिण पियारपुर पंचायत के बरकत अली के पुत्र सेनाउल शेख (40) नामक प्रवासी मजदूर की देर रात्रि हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि सेनाउल शेख पिछले दस दिन पूर्व मजदूरी करने महाराष्ट्र शहर के पूना गया था। सेनाउल शेख फत्मानगर नामक स्थान में रहकर आम बेचने का काम करता था। का कारोबार करता था। वे करीब 11 बजे अपने पत्नी से फोन पर बातचीत कर सो गया था। इतने में उसकी तबियत बिगड़ गई और उसकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। सुबह काम में जाने पर देरी हुई तो उसके अन्य साथी उसके कमरे के पास पहुंचे। अंदर से कमरा लॉक किया हुआ था। उसके अन्य साथियों ने बाहर से आवाज लगाई परंतु कोई हलचल नहीं हुई। किसी तरह उसके साथी कमरे में प्रवेश किया तो देखा की युवक की मौत हो गई है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई।इधर घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार भाइयों में मंझले थे। अपने पीछे छोटे छोटे दो पुत्र व दो पुत्री छोड़ दुनिया से चल बसे।

## शेयर बाजार के फुग्गे से तेजी से निकल रही हवा

भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। फरवरी माह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1414.33 अंक यानी 1.90 फीसदी की गिरावट के साथ 73,198.10 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 420.35 अंक यानी 1.86 फीसदी की गिरावट के साथ 22,124.70 के स्तर पर बंद हुआ। पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीयकृत बैंकों, भारतीय जीवन बीमा निगम, म्युचुअल फंड, पेंशन फंड एवं अन्य शासकीय वित्तीय संगठन द्वारा बड़े पैमाने पर शेयर बाजार में निवेश किया गया है। शेयर बाजार में शेयर की पूंजी को ओवर वैल्यू करके पिछले कुछ वर्षों में भारी मुनाफाखोरी शेयर बाजार के माध्यम से हुई है। शेयर बाजार में प्रीमियम शेयर कारोबार की बयार बह रही थी। 10 रूपये का शेयर महंगे दामों पर निवेशकों को बेचा जा रहा था। भारतीय शेयर बाजार को सरकारी नीतियों ने इस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है। इसको बचा पाना सरकार के लिए भी बड़ा मुश्किल है। वर्ष 2025 में शेयर बाजार में तेजी की कोई भी संभावना नहीं है। 2025 मे शेयर बाजार में निरंतर गिरावट और बिकवाली बनी रहेगी। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है, कि शेयर बाजार मे कंपनियों का मार्केट वास्तविक वैल्यू से 90 गुना ज्यादा है। ऐसी स्थिति में शेयर बाजार की गिरावट को रोक पाना किसी के बस की बात नहीं है। वर्तमान में कंपनियों की अनुमानित आय और शेयर के वास्तविक मूल्य से लगभग 20 गुना ज्यादा है। शेयर बाजार में मिड कैप और छोटे शेयरों का वैल्यूएशन भी वास्तविक स्थिति से कई गुना ज्यादा है। पिछले कुछ वर्षों में शेयर बाजार को कृत्रिम तरीके से बढ़ाया गया है। अब वह उसी तेजी के साथ नीचे गिरता हुआ नजर आ रहा है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान छोटे एवं मध्यम निवेशकों को हो रहा है। इसके साथ ही भारत के राष्ट्रीयकृत बैंक तथा सरकारी वित्तीय संस्थाएं, जिन्होंने सरकार के दबाव में शेयर बाजार में अपने निवेश को बढ़ाकर, शेयर बाजार की कृत्रिम कमाई से अपनी बैलेंस शीट में भारी मुनाफा, पिछले वर्षों में कमाया था। वह शेयर बाजार की इस गिरावट से, सबसे ज्यादा नुकसान बैंकों और सरकारी वित्तीय संस्थानों को हो रहा है। बैंकों द्वारा पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से बड़े-बड़े उद्योगपतियों को कर्ज दिया गया है। कर्ज वसूल ना होने पर नॉन परफॉर्मिंग असेट मे डालकर बड़े-बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया गया है। उसके कारण भारतीय बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम की आर्थिक स्थिति शेयर बाजार के गिरने से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। शेयर बाजार की इस गिरावट से बैंकों में जमा पैसा आम नागरिकों का सुरक्षित रहेगा, या नहीं, इसको लेकर चर्चा होने लगी है। पिछले 5 महीने में शेयर बाजार के इंडेक्स में 15000 अंकों से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। अभी भी गिरावट थमने का नाम नहीं ले रही है। शेयर बाजार के आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है, कि 2025 की मंदी से शेयर बाजार और बैंकों का हाल 2008 की अमेरिकी मंदी की तरह हो सकता है। उस समय अमेरिका के सैंकड़ों बैंक दिवालिया हो गए थे। भारत में जिस तरह से बेरोजगारी, महंगाई, भारी टैक्स के कारण आर्थिक संकट बना हुआ है, ऐसे समय पर शेयर बाजार की भारी गिरावट ने भारतीय अर्थव्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। रही सही कसर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी कर रहे हैं। अमेरिका के निर्णय से भारत का आयात-निर्यात व्यापार और वैश्विक कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत लगातार गिरने से आयातित सामान के दाम बढ़ रहे हैं। भारत के 100 करोड़ लोगों के पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं।

# न्यायिक व्यवस्था पर सवाल है 41 साल बाद अदालत का फैसला!

**मनोज कुमार अग्रवाल**

अपने देश की न्यायिक प्रक्रिया से न्याय हासिल करने के लिए ध्रुव और पार्वती जैसी तपस्या की जरूरत है। फैसला देने में लेट लतीफी करने का विश्व रिकॉर्ड हमारी न्याय पालिका कायम कर रही है , इसका एक और बड़ा उदाहरण 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में आया फैसला है, जिसमें दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दंगों के दौरान बाप-बेटे को जिंदा जलाकर मारने के मामले में आरोपी सज्जन कुमार को 41 साल बाद उम्रकैद की सजा सुनाई है। किसी मामले में चार दशक बाद फैसला आना हमारी न्यायिक व्यवस्था पर एक सवाल है। आप जानते हैं कि जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइ यानि न्याय में देरी न्याय की मौत है। 1984 के दंगे में इस मामले में आया फैसला हमारे ज्यूडिशियल सिस्टम की हालत बयान कर्ता है। हालांकि सज्जन कुमार को कड़ी सजा का यह फैसला कई संदेश लिए हुए है। दंगा पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने में भले 41 साल लग गए हों, लेकिन फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह कितना ही ताकतवर राजनीतिक क्यों न हो। यह सिख विरोधी दंगों से जुड़ा दूसरा मामला है, जिसमें सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। हालांकि पीड़ित पक्ष और दिल्ली पुलिस ने सज्जन कुमार के लिए लिए फांसी की सजा मांगी थी। अभियोजन ने इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर की कैटेगरी में मानने की मांग कोर्ट से की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया और उम्रकैद की सजा सुनाई है। दरअसल यह मामला 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार में भीड़ को भड़काने से जुड़ा है, जिसमें जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या हुई थी। अभियोजन पक्ष ने कहा था कि सन्जन कुमार ने भीड़ को उकसाकर बड़े स्तर पर सिखों के घरों दुकानों पर लूट और आगजनी कराई। इसी दौरान एक घर में लूट और आग लगाने से पहले भीड़ ने सिख समुदाय के दो लोगों को जिंदा जलाकर मार दिया था। इसी मामले में उन्हें उम्रकैद की सजा दी गई है। इसके अलावा सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक दूसरे मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने 2018 में सन्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। पुलिस ने इस मामले में जिसे गवाह बनाया था, उसने 16 साल बाद सज्जन कुमार के इस हिंसा में शामिल होने की पुष्टि की थी। हालांकि उनके वकील ने इसका ही आधार बनाते हुए अपने मुवक्किल को निर्दोष बताया था। खुद सज्जन ने भी 1 नवंबर 2023 को कोर्ट में इस मामले में गवाही में खुद को निर्दोष बताया था। इस मामले में अभियोजन की तरफ से कोर्ट में दी गई दलीलों में इसे निर्भया केस से भी ज्यादा संगीन मामला बताया गया था, जिसमें समुदाय विशेष के लोगों को टारगेट करके किलिंग की गई थी। सिख विरोधी हिंसा को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए अभियोजन ने इस मामले में सज्जन कुमार को फांसी की सजा सुनाए जाने की मांग की थी। लेकिन कोर्ट ने उनकी उम्र को देखते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी है। साल 1984 में 31 अक्टूबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनके ही सिख बॉडीगार्ड्स ने पीएम आवास के अंदर ही गोलियों से छलनी कर दिया था। यह हत्या जून, 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में सिख चरमपंथी जरनैल सिंह भिंडरावाला को पकड़ने के लिए भारतीय सेना को घुसने की इजाजत देने के विरोध में की गई थी। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली समेत पूरे देश में सिख विरोधी दंगे भड़क गए थे। बड़े पैमाने पर सिखों की हत्याएं की गई थीं या फिर उन्हें मारपीट कर अधमरा कर दिया गया था। माना जाता है कि इन दंगों में तीन से पांच हजार लोग मारे गए थे। अकेले दिल्ली में ही दो हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। अब इस घटना के करीब 41 साल बाद सन्जन को एक और मामले में दोषी ठहराया गया है। कांग्रेस के एक और नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ भी केस चल रहा है। इसके अलावा कांग्रेस नेता एचकेएल भगत और कमल नाथ भी सिख दंगों से जुड़े मामलों में आरोपी हैं। इन दंगों में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं की संलिप्तता का दावा किया गया था और इनमें से ही सन्जन कुमार भी एक है। अगर देखा जाए तो इन दंगों के पीड़ितों में से बहुत सारे लोगों को आज तक भी न्याय नहीं मिला है और उनके केस अदालतों में लंबित हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि सिख दंगे के पीड़ितों को न्याय कब तक मिलेगी। सिख दंगों में सजा में देरी देश की न्यायिक प्रक्रिया की हकिकत को उजागर करता है। न्याय प्रक्रिया को जटिलताओं की वजह से मामले के लंबा खिंचने का आरोपियों ने फायदा उठाया और पीड़ित परिवारों की आधी जिंदगी न्याय के इंतजार में गुजर गई। दंगा पीड़ितों में आज भी कई ऐसे परिवार हैं, जो न्याय की उम्मीद में करीब चार दशक का वक्त गुजार चुके हैं। वैसे दंगा पीड़ितों की तादाद भी काफी है, जो न्याय के लिए गुहार भी नहीं लगा सके, जिनका सब कुछ खत्म हो गया और जिन्होंने नए सिरे से जीवन की शुरुआत की। जिन्होंने दंगाइयों को भड़काने वालों के खिलाफ बोलने की हिम्मत जुटाई, तमाम धमकियों और दबावों के बीच जटिल कानूनी प्रक्रिया के तहत संघर्ष करने का संकल्प किया, उसी का नतीजा है कि सन्जन कुमार जैसे नेता को सजा के अंजाम तक लाया जा सका। जिस तरह से राजनीतिक दल दंगा पीड़ितों के दर्द को भुनाते रहे, वह भी कम शर्मनाक नहीं है। चाहे सिख विरोधी दंगे हों या गुजरात के दंगे, ये सभ्य समाज पर एक बड़ा कलंक हैं। इन दंगों ने दुनिया भर में भारत की छवि को भारी धक्का पहुंचाया। तत्कालीन सरकार ने इन दंगों में शामिल अपने नेताओं को पूरी तरह सुरक्षा देने का यत्न किया और लूटमार करती भीड़ के संबंध में आंखें मूंद ली थीं । उसी समय कई मानवाधिकार संगठनों ने दिल्ली में हुए इस घटनाक्रम संबंधी चश्मदीद गवाहों के आधार पर रिपोर्ट प्रकाशित करवाई गई, जिनकी बड़े स्तर पर चर्चा हुई। कुछ दर्जन केस भी दर्ज किये गये और बाकी सभी घटनाक्रमों को दबा दिया गया। बाद में वई कमिशन भी बने, उनकी रिपोर्टों को भी धीरे-धीरे सबूत न मिलने का बहाना बनाकर खारित कर दिया गया। कुछेक दोषियों को छोटी मोटी सजा मिली। एक अपराधी किशोरी लाल बुचड़ को फांसी की सजा भी हुई जो बाद में खारिज कर दी गई। दिल्ली पुलिस ने चलते केसों को आधारहीन और जानहीन बना दिया और इन दंगों से संबंधित बहुत सी फाइलें भी बंद कर दी, जिससे भाईचारे के शरीर पर लगे जख्म नासूर बनते गये।

केन्द्र में साल 2014 में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद 2015 में गृह मंत्रालय द्वारा इस संबंधी एसआईटी का गठन करके पुनः जांच शुरू करवाई गई। इन दंगों से संबंधित फाइलों को पुनः खोला गया ताकि पीड़ित परिवारों को राहत मिल सके। समय बीतने और तत्कालीन शासकों द्वारा तथ्यों को हर ढंग तरीके से छुपा देने के कारण यह काम और भी मुश्किल हो गया था। इसी कारण 8 जुलाई, 1994 को दिल्ली की एक अदालत ने सज्जन कुमार के विरुद्ध साक्ष्य न होने के कारण आरोप पत्र दाखिल करने से मना कर दिया था। 8 मई 2000 को नानावती आयोग भी गठित किया गया था पर उसमें से भी बहुत कुछ हासिल न हो सका ।2014 में केन्द्र में सरकार बदलने के साथ पुनः बंद पड़े केसों को दोबारा खोला गया, जिससे इन्साफ मिलने की उम्मीद पुनः बंध गई। इसी की एक अहम कड़ी के तौर पर सज्जन कुमार को सजा सुनाई गई है। भी 17 दिसम्बर 2018 को 5 सिखों की के बाद गुरुद्वारा साहिब को जला दिये सज्जन कुमार आरोपी पाया गया हाईकोर्ट ने 17 दिसम्बर, 2018 को कैद की सजा सुनाई थी। अब 2 सिखों की हत्या और अन्य कई मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद उसके विरुद्ध अलग-अलग सख्त सजा का ऐलान किया गया है और दो मामलों में उसको दोहरी उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। सज्जन कुमार 80 साल का है और अनेक बीमारियों से ग्रस्त है। एक कारण यह भी बताया गया है कि उसको फांसी की सजा नहीं सुनाई गई। इन दंगों ने दुनिया भर में भारत की छवि को भारी धक्का पहुंचाया। ऐसे में सज्जन कुमार ही नहीं, दंगे की साजिश रचने वाले हर आरोपी को न्याय के कठमरे में लाया जाना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि देश की न्यायिक प्रक्रिया में सुधार किया जाए, लेकिन यह तत्काल संभव नहीं दिख रहा है, क्योंकि भारत की विभिन्न अदालतों में पांच करोड़ से अधिक मामले लंबित है, जिनमें से सबसे अधिक मामले उत्तर प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में पेंडिंग हैं। यूपी की अदालतों 1.18 करोड़ से अधिक केस लंबित पड़े हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 84,045 मामले लोंबत हैं, जबकि विभिन्न उच्च न्यायालयों में 60,11,678 मामले लंबित हैं। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में सबसे अधिक 4,53,51,913 मामले लंबित है। अदालतों में मामलों के लंबित रहने के कई कारण हैं, जिनमें फिजिकल इंफास्ट्रक्चर और कर्मचारियों की उपलब्धता,

शामिल तथ्यों की जटिलता, जांच एजेंसियों, गवाहों और वादियों सहित हितधारकों का सहयोग शामिल है। नियमों और प्रक्रियाओं का उचित अनुप्रयोग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जरूरत इस बात की है कि केंद्र और न्यायपालिक कानूनी प्रक्रियाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि न्यायालयों तक आमजन को पहुंच बढ़े और शीघ्र न्यायसुलभ हो सके। बारह साल पहले जब भाजपा नीत सरकार सत्ता में आई थी तब उम्मीद बनी थी कि न्याय सुलभ और समयबद्ध होगा लेकिन अभी तक इस दिशा में और अधिक गंभीरता से सख्त कदम उठाने की जरूरत है।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## पाकुड़ की खबरें

## पति की हत्या मामले में केस दर्ज, आरोपी पत्नी को भेजा गया जेल

हिरणपुर( पाकुड़ )बीते गुरुवार को थानाक्षेत्र के धरनीपहाड़ में पत्नी द्वारा ईंट से मारकर पति की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता के लिखित शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। थाना कांड सं 24/25 में मृतक के पिता दुर्गा पहाड़िया ने उल्लेख किया है कि मुझे मेरे भाई से पता चला कि मेरा बेटा लोफरा पहाड़िया अपने घर में मरा पड़ा है। जिसके बाद घटनास्थल में पहुंचने पर मेरा बेटा मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। आसपास के लोगों से पूछने पर पता कि मेरी बहु कमली पहाड़िन द्वारा ईंट से मारकर मेरे बेटे ही हत्या कर दी है। जिसके बाद वो घर में ही छुप गई थी। जसको खोजकर निकालने के बाद उसने सबके समक्ष कबूल किया की दोनों के बीच आपसी लड़ाई में बहु ने ईंट से बेटे के मुंह पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी पत्नी को जेल भेज दिया है। वहीं शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है।

## सांसद ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, दिया जल्द समाधान का भरोसा

**संताल एक्सप्रेस संवादददाता**



**महेशपुर (पाकुड़ )**राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा ने शुक्रवार को महेशपुर झामुमो प्रखंड कार्यलय पहुंचकर कार्यकर्ताओं के समस्याओं से अवगत हुए । साथ ही प्रखंड के कई गांव का दौरा किया। सांसद ने गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उसके निदान का आश्वासन दिया। सांसद ने प्रखंड के धर्मखांपड़ा, इंगलिशपड़ा,दमदमा, दाराजपुर हटिया पड़ा, पलसा,गंगाड़ा सहित दर्जनों गांव का भ्रमण किया। जहां ग्रामीणों ने पेयजल व बिजली समस्या को सांसद के समक्ष रखा। सांसद ने ग्रामीणों की समस्या सुने एवं जल्द समाधान का आश्वासन दिया। वहीं सांसद विजय हंसदा के समक्ष ग्रामीणों ने बिजली एवं पेयजल की समस्याओं को रखा वही बिजली से जुड़ी समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान भी किया गया । सबसे ज्यादा क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सांसद महोदय को अवगत करवाया गया । वही सांसद विजय हंसदा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर मुझे डायरेक्ट संपर्क करे जितना होगा मदद करेंगे। इस मौके पर झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य पिंकू शेख ,अनारुद्दीन मियां,अली रेजा,रूहुल अमीन, एनामुल हक, जोसेफिना हेंब्रम,सांसद प्रतिनिधि कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम,माइकल मुर्मू, समसून मुर्मू,जेम्स सुशील हेंब्रम ,हलीम शेख ,टॉनिक शेख ,कबीरूल इस्लाम ,अब्दुल वदूद, जोगेन्द्र मुर्मू,नीरज मड़ैया ,चीमू पहाड़िया,मिनी शेख ,मोसीबुल शेख, शहालम शेख,डब्लू शेख, मुताहार शेख,जोशिम शेख , मिल्टन शेख,साहेब अली ,अजहरूल शेख ,हसीबूल शेख ,तारीक अनवर,असरफुल अंसारी,कोशल्या देवी,बिनीता मरांडी,अनिता मुर्मू,सावित्री मुर्मू,निर्मल मुर्मू,अल्तमस हेंब्रम,मलके शेख,पप्पू अंसारी,जाबिर शेख,टाइगर शेख,मिलन,हबीबुर रहमान,बाबू शेख,आरजू शेख समेत सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## 2 मार्च से जामबाद में होगी 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन

हिरणपुर( पाकुड़ ) प्रखंड के जामबाद गांव के शिव मंदिर प्रांगण में आगामी 2 मार्च से श्री श्री 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन आयोजित होगी। इसकी जानकारी माणिक भंडारी ने दी उन्होंने बताया कि 2 मार्च को शुभ अधिवास के साथ संकीर्तन प्रारंभ होगी।वहीं 3 को पूर्वराग, 4 को लीला कीर्तन, 5 को महारास एवं 6 मार्च को कुंजभंग सह प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसमें पश्चिम बंगाल के मालदा से दुलाल पाल कीतर्न मंडली के अलावे अन्य कीर्तन मंडली शामिल होंगे।

## पंचायत समिति सदस्यों का प्रखंड मुख्यालय में 6 व अनुमंडल कार्यालय में 10 मार्च को धरना प्रदर्शन

कुंडहित (जामताड़ा) ~ शुक्रवार को डाक बंगला परिसर में कुंडहित प्रखंड के पंचायत समिति एवं उनके प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक उप प्रमुख नसीबुल खान के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों को अधिकार सही ने मिलने के कारण विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।बैठक में निम्नांकित बिंदुओं पर चर्चा किया गया। 15वें वित्त आयोग के राशि को प्रखंड स्तर में मनमानी तरीके से खर्च किया जा रहा है। मनरेगा योजना, अबुआ आवास, पीएम आवास में मनमानी से काम चल रहा है। पशुपालन विभाग में गड़बड़ी तरीके से काम हो रहा है आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। अंत में बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर विभाग अपना कार्यशाली में सुधार नहीं करते हैं तो सभी कुंडहित के पंचायत समिति सदस्य 6 मार्च को प्रखंड कार्यालय एवं 10 मार्च को अनुमंडल कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## सिद्धो- कान्हो कृषि एवं वनोपज की बैठक संपन्न, लिए गए अहम निर्णय

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सिद्धो कान्हो एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड पाकुड़ के निदेशक पर्षद की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, पाकुड़ सह सचिव के द्वारा जानकारी दी गई कि जिला सहकारी संघ का अधिकृत हिस्सा पूंजी अधिकतम 50 करोड़ रूपये है। राज्य सरकार द्वारा जिला स्तरीय संघ को पूर्व में दो करोड़ रूपये प्रदत्त की गई है। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धकोफेड राँची के माध्यम से दी गई निर्देश के अनुपालन में जिला संघ के लिए एक करोड़ की राशि प्रदत्त हिस्सा पूंजी मद में मांग के लिए अधियाचना की जाती है।



प्रस्ताव को सर्वसम्मती से पारित प्रस्ताव के प्रेसन हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी, पाकुड़ को अधिकृत किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी, पाकुड़ सह सचिव द्वारा जानकारी दी गई की जिला स्तरीय सहकारी संघ के लिए विभाग से आपूर्ति की गई विभिन्न उपस्करों को नवनिर्मित संयुक्त सहकारिता कार्यालय भवन दुर्गापुर में रखा गया है। संघ के अध्यक्ष सह उपायुक्त सहित सभी निर्देशक पर्षद को इस बात की जानकारी दी गई की संघ का वर्तमान दैनिक कार्यकलाप संयुक्त सहकारिता कार्यालय से निष्पादित की जायेगी। भूमि उपलब्धता पर भी समन्वय विचार हेतु प्रस्ताव पर्षद के समक्ष रखी गई एवं सर्वसम्मती से पारित किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी सह सचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों को इस बात की जानकारी दी गई की संघ के कार्यकलापों का सुचारूप संचालन हेतु प्रमोद कुमार, कार्यरत सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, पाकुड़ को नोडल पदाधिकारी के रूप में एवं राकेश कुमार, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी, पाकुड को लेखा पदाधिकारी के रूप में नामित करने का प्रस्ताव पर्षद के समक्ष रखी गई ।

## जिला खाद्य पदाधिकारी ने मिष्ठान भंडार व रेस्टोरेंट की जांच का दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। बढ़ती मिलावट और मुनाफाखोरी, व फूड सेफ्टी के मद्देनजर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेंब्रम ने नगर स्थित कई मिष्ठान भंडार होटल रेस्टोरेंट आदि में खाद्य मानक के पालन हेतु दुकानों का निरीक्षण किया। इसक्रम में उन्होंने होटल रेस्टोरेंट एवं मिष्ठान भंडार के मालिकों से फोस्टेक प्रशिक्षण, पेस्ट कंट्रोल पानी की जांच रिपोर्ट, मेडिकल फिटनेस आदि की दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया । खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा हाइजीन रेटिंग के बारे में जानकारी दी गई एवं स्वच्छता के बारे में विशेष निर्देश दिया गया। उन्होंने दुकानदारों से कहा की खाद्य पदार्थों को स्वच्छता के साथ बेचे। खाने पीने की चीजों को व्यवस्थित सुरक्षा के साथ रखें ताकि किसी भी व्यक्ति को नुकसान ना हो। उन्होंने कई दुकानों से घी मिठाई आदि का नमुना भी संग्रह किया। नाम न छापने के शर्त पर एक व्यक्ति ने कहा की जितनी भी जांच होती है, यह सब शहरों के अंदर में होती है या फिर प्रखंड मुख्यालय में होती है। जबकि आजकल ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी-बड़ी दुकान भोजनालय और खाने-पीने की समान बेची जा रही है। जिसका कोई मापदंड नहीं है ।किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी जांच नहीं की जाती है । विभाग को चाहिए वह ग्रामीण क्षेत्रों में भी जांच करें । इसके अलावे शहरी क्षेत्र में बेचे जाने वाले अंडों की भी जांच होनी चाहिए ताकि सामान्य नागरिक को यह पता चल सके की अंडे के बीच क्या फंडा है।

## रामभक्त सेवा दल ने निकाला गौ रक्षक वाहन

पाकुड़~। राज्य में गौ तस्करी एवं हत्या को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है, लेकिन फिर भी विभागीय एवं जिला प्रशासन की कमजोरी से आए दिन अवैध तरीके से गौ तस्करी एवं हत्या का कारोबार चल रहा है। इस मामले पर राज्य भर में कई हिंदू संगठन इस पर पहल करते हुए इसके रोकथाम हेतु अभियान चलाते रहते है। वही जिले में राष्ट्रीय संगठन रामभक्त सेवा दल की और से जिले में अवैध तरीके से प्रतिबंधित गौ तस्करी एवं हत्या को लेकर शुक्रवार को एक वाहन निकाला गया। इस बात की जानकारी देते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष रतन कुमार भगत ने पत्रकारों को बताते हुए कहा कि यह वाहन संगठन की ओर से निकल गया है जो 24 घंटा जिले के विभिन्न जगहों पर घूम-घूम कर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी तथा अवैध कारोबार में समलिप्त माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाते हुए जिला प्रशासन को सूचना देते हुए इसे रोकथाम हेतु आवश्यक पहल भी करेगी। संगठन पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया के तहत अपना कार्य कर रही है क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि जब भी गौ तस्करों के खिलाफ में अभियान चलाया जाता है तो झूठा मुकदमा में नाम डाल दिया जाता है इसलिए इस बार कानूनी प्रक्रिया को पूर्ण रूपेण मानते हुए संगठन अपना कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के बांका जिला से होते हुए गोड्डा एवं जिले के शिमलांग, लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर, महेशपुर थाना होते हुए रात के अंधेरे में पिक अप वाहन में अवैध तरीके से गौ माता को लाद कर बंगाल ले जाया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्य में बड़े पैमाने पर पहले रेकी की जाती है साथ ही साथ बड़े-बड़े माफियाओं एवं पुलिस प्रशासन और सफेद पोस का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहता है। उन्होंने सभी सनातनियों एवं गौ प्रेमियों को आगे आने का आह्वान किया।

## एसकेएम कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**महेशपुर (पाकुड़ )** सिद्धू कान्हु मेमोरियल कॉलेज सीलमपुर में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महेशपुर विधायक की पुत्री सह युवा नेत्री उपासना मरांडी शामिल हुए । इस अवसर पर शिक्षक जयदेव कुमार झा ने 27 वर्ष अपने सेवा काल को याद करते हुए सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के प्रति आभार जताया।उन्होंने कहा कि सभी लोगों ने उनके इस सेवा काल को आसान बनाने में उनकी मदद की।सभी ने जयदेव कुमार झा को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक एवं पंचायत समिति सदस्य एनामुल हक ,गोलक सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## तनवीर आलम हुए कार्यकर्ताओं से रूबरू , समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। शुकवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना एवं उनके समस्याओं से अवगत हुए।तनवीर आलम ने जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया । मौके पर प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम , विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद उर्फ बकुल, महेशपुर से राजकुमार भगत,देबू विश्वास, शाहीन परवेज़ , अब्दुल बासिर शेख,आमिर हमजा, मिर्जाहान विश्वास, डॉ जोहोरुल इस्लाम,रामविलास महातो ,ऐनुल हक,बिलाल सेख, फिरोज अली, शहनाज बेगम, नसीम आलम,जलालुद्दीन शेख, आंसरुल हक सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चंगाई सभा का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



महेशपुर( पाकुड़ ) प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत नरायणगढ़ गांव मे शुक्रवार को मरियम चर्च (बाड़ी टोला )में आयोजित दो दिवसीय चंगाई मसीह धर्मसभा का आयोजन किया गया । इस दो दिवसीय चंगाई मसीह धर्मसभा में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो की युवा और लोकप्रिय नेत्री उपासना मरांडी उर्फ पिंकी शामिल हुई।वही इस चंगाई मसीह धर्मसभा में उपासना मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज को शिक्षित बनाना है।हर क्षेत्र में आगे आना है और समाज मे अपनी पहचान बनाते हुए विकास की ओर बढ़ाना है साथ ही समाज मे आपसी भाईचारा कायम करना है।

## डीसी व एसपी ने बाईपास सड़क किया निरीक्षण, सुरक्षा मानकों पर दिए निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**पाकुड़। उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा पाकुड़ प्रखंड स्थित शहरकोल- पियादापुर बाईपास सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यो में तेजी लाने के साथ साथ सुरक्षा मानकों का पालन नियमानुसार कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही बाईपास सड़क निर्माण में भू अर्जन संबंधित समस्याओं को त्वरित गति से निदान कराने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को दिया गया।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पथ निर्माण के कार्यपालक अभियंता, प्रशासक, नगर परिषद, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

## 20 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

हिरणपुर (पाकुड़ )थाना क्षेत्र के देवपुर में एक 20 वर्षीय युवक घर में ही फंदे से लटककर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनाजोडी सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार देवपुर बजरंगबली मंदिर निकट श्याम भगत के 20 वर्षीय पुत्र अनुराग जायसवाल ने अपने सीमेंट दुकान के पीछे रूम में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली मृतक के पिता ने बताया कि गांव में काली पूजा था।इसके लिए दोपहर को पुत्र ने काली पूजा देखने के लिए गांव भेज दिया। घर में पत्नी अपने छत के रूम में थी। इसी दौरान कोलकाता में रह रहे बड़ा पुत्र ने अपने भाई को बार-बार कॉल कर रहे थे। कॉल रिसीव नही करने के कारण अपने माँ को कॉल की उसके बाद पत्नी जब खोजबीन की तो पुत्र को फंदे से लटकते हुए देखी बताया जाता है कि मृतक ही अपने पिता के कारोबार को संभाल रहे थे। इस घटना के बाद माता-पिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सात दिवसीय विषहरी गान का हुआ समापन



**हिरणपुर (पाकुड़ )**प्रखंड के धोवाडांगा गांव में शिव पार्वती पूजा कमिटी के तत्वाधान में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय विषहरी गान शुक्रवार को सम्पन्न हुई। इस मनमोहक कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के टाउन शिप चौक बहादुरपुर (मालदा) के आनंद मंडल के टीम द्वारा झांकी की प्रस्तुति दी गई।बिहुला-लखंदर की कथा नाट्य रंग मंच के ज़रिए प्रस्तुत की गई।इस सात दिवसीय कार्यक्रम में ग्रामीणों ने काफी लुत्त उठाया।मौके पर टिंकू पांडे, दीपक साहा, भूपेन साहा, राजेश साहा, जगदीश पांडेय, महाबीर साहा, प्रदीप साहा, बिमल साहा, निर्मल साहा आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# देवघर पुलिस ने 11 साइबर अपराधियों को दबोचा, ऑनलाइन ठगी का पर्दाफाश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सह एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश पर देवघर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 साइबर अपराधियों और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। साइबर अपराधियों के पास से 12 मोबाइल,10 सिम कार्ड, 01 प्रतिबिंब सिम कार्ड जब्त किया है। ये अपराधी जंगल क्षेत्र में फर्जी कस्टमर केयर, एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी बनकर और गूगल पर फोनपे कस्टमर केयर व पीएम किसान योजना के नाम पर ठगी कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि सारवां थाना क्षेत्र के दलयारडीह गांव के जंगल में कुछ संदिग्ध लोग ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। वे फर्जी मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर आम लोगों को झांसे में ले रहे थे। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने छापेमारी कर 11 साइबर अपराधियों और एक किशोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों की ठगी के तरीके में गूगल पर खुद को कस्टमर केयर फोन पे पेटीएम एसबीआई बताकर फर्जी नंबर डालते थे। शिकायतकर्ताओं




को झांसे में लेकर उनके बैंक डिटेल्स व ओटीपी लेकर पैसे उड़ा लेते थे। फोन पे पेटीएम पर फर्जी कस्टमर केयर बनकर फोन करते और यूजर्स को फोन पे गिफ्ट कार्ड रिडीम करवाने के नाम पर पैसे लूटते।

एयरटेल पेमेंट बैंक अकाउंट बंद कराने और दोबारा चालू करवाने के नाम पर ग्राहकों से ठगी करते थे।

गिरफ्तार आरोपी में सनोज कुमार महरा उम्र करीब 21 वर्ष पिता दिलीप महरा,सारवां थाना क्षेत्र अंतर्गत दासडीह गांव निवासी अजय कुमार महरा उम्र करीब 20 वर्ष पिता अशोक महरा,खैरवा गांव निवासी रोहित दास उम्र करीब 37 वर्ष पिता गिरीश दास,पाथरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरा गांव निवासी बिट्टू कुमार दास उम्र करीब 24 वर्ष पिता सुधीर दास,सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधवाजोरी गांव निवासी दीपक कुमार महरा 24 वर्ष पिता बबलू महरा,पथरड्डा ओ0पी0 झुनाकी, हरीजन टोला निवासी बिक्रम कुमार दास उम्र करीब 19 वर्ष पिता लोलिन दास,दुधवाजोरी गांव निवासी पवन कुमार उम्र करीब 18 वर्ष पिता बबलू महरा, सारवां थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरवा गांव निवासी अधीर दास उम्र करीब 35 वर्ष पिता सरबो दास, सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधवाजोरी गांव निवासी राहुल कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता अंदु महरा, सारवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दासडीह गांव निवासी कैलाश महरा उम्र करीब 22 वर्ष पिता रामदेव महरा,मनोज कुमार महरा उम्र करीब 26 वर्ष पिता दिलीप महरा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सेंट्रल जेल भेज दिया है। छापामारी टीम में साईबर थाना के पु0नि0 सुकांत त्रिपाठी,पु0अ0नि0,अजय कुमार, सरावां थाना प्रभारी सह पु0अ0नि0 सह थाना प्रभारी संदीप कुमार भगत छापामारी टीम में शामिल थे।

# जसीडीह-आसनसोल रूट पर ट्रेनें ठप, जानें कौन-कौन सी ट्रेनें होंगी प्रभावित

## ● धनबाद, गया, पटना रूट की ट्रेनों में बड़ा बदलाव, यात्रियों को होगी परेशानी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** जसीडीह रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 01 और 02 के बीच फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के लॉन्चिंग कार्य, मधुरापुर-शंकरपुर सेक्शन में सीमित ऊंचाई वाले सबवे संख्या 24 और सिमुलतला-घोरपारन सेक्शन में सीमित ऊंचाई वाले सबवे संख्या 36 के निर्माण कार्य के चलते रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया है। इसके अलावा, 02 मार्च रविवार को आसनसोल मंडल के सिमुलतला स्टेशन सीमा पर एक फुट ओवर ब्रिज हटाने के कारण पावर और ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा, जिससे कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ेगा। निर्माण कार्य के कारण ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। जिसमें 63209 देवघर-पटना मेमू,63570 बैद्यनाथधाम-आसनसोल मेमू,63561 आसनसोल-जसीडीह मेमू,63572 मोकामा-जसीडीह मेमू,63565 जसीडीह-झाझा मेमू,63571 जसीडीह-मोकामा मेमू (01 मार्च, 2025,63573 जसीडीह-किऊल मेमू,63566 झाझा-जसीडीह मेमू,63545 अंडाल-जसीडीह मेमू,63546 जसीडीह-अंडाल मेमू,63298 झाझा-देवघर मेमू,63574 किऊल-जसीडीह मेमू

वही 17321 वास्को-डी-गामा-जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस मधुपुर में समाप्त होगी। 63509 बर्द्धमान-झाझा मेमू आसनसोल में समाप्त होगी। 18183 टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस आसनसोल में समाप्त होगी और आसनसोल-बक्सर के बीच यह सेवा रद्द रहेगी। 18184 बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस आसनसोल से प्रारंभ होगी और बक्सर-आसनसोल के बीच सेवा रद्द रहेगी। 63510 झाझा-बर्द्धमान मेमू आसनसोल से प्रारंभ होगी। वही मार्ग परिवर्तन ट्रेनों में 13331 धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस अब पटना-गया-धनबाद मार्ग से चलेगी।13508 गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस अब बरौनी-मोंगहिर-भागलपुर-साहिबगंज-रामपुरहाट-सैंथिया-अंडाल-आसनसोल मार्ग से चलेगी।13332 पटना-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस अब धनबाद-गया-पटना मार्ग से चलेगी। 12326 नंगल डैम-कोलकाता गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस अब पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-गया-धनबाद-आसनसोल मार्ग से चलेगी। 12304 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस अब पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-गया-धनबाद-आसनसोल मार्ग से चलेगी।

पुनर्निर्धारित ट्रेनें में 12317 कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस 02 घंटे के लिए रीशेड्यूल की जाएगी। 22197 कोलकाता - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनट के लिए रीशेड्यूल होगी। 22499 देवघर - वाराणसी जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस 01 घंटे 50 मिनट के लिए रीशेड्यूल होगी। 22347 हावड़ा - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस 03 घंटे 55 मिनट के लिए रीशेड्यूल होगी। 22348 पटना - हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस 03 घंटे 55 मिनट के लिए रीशेड्यूल होगी। 17006 रक्सौल - हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस 02 घंटे 30 मिनट के लिए रीशेड्यूल होगी। 22500 वाराणसी जंक्शन - देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस 1 घंटे 50 मिनट के लिए रीशेड्यूल होगी।

## देवघर : मछली पकड़ने गईं दो महिलाओं का पर्स गायब

### 15 हजार नकद और मोबाइल लेकर फरार हुआ चोर

संवाददाता

**देवघर ।** नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया में दो मजदूर महिलाओं के साथ चोरी की घटना सामने आई है। शुक्रवार को जब दोनों महिलाएं डढ़वा नदी में मछली पकड़ रही थीं, तभी एक युवक मौके का फायदा उठाकर उनका पर्स लेकर फरार हो गया। पर्स में 15,000 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन थे। शिकायतकर्ता रेनू मरांडी और बसंती हसदा, जो बरमसिया में मजदूरी करती हैं, ने नगर थाना में लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि चोरी करने वाला युवक नंदन पहाड़ स्थित खरवारी मोहल्ले का रहने वाला है और वे उसे पहचानती भी हैं। घटना के बाद नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। अब देखना यह होगा कि पुलिस कितनी जल्दी इस चोर को पकड़ पाती है या फिर यह मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## रवि केसरी के आवास पर पहुंचे इंटक नेताओं ने बंधाया ढाढस



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, देवघर जिला इंटक के कार्यकारिणी के सदस्य सुधीर कुमार देव एवं प्रमिला देवी, देवघर जिला इंटक के महासचिव प्रीतम पांडे,देवघर जिला इंटक के सचिव सदाशिव राणा एवं देवघर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव राहुल राज ने देवघर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि केसरी के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की तथा उनकी मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें ढाढस बंधाया।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, ट्रैक्टर और ट्रेलर जब्त

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** 28 फरवरी को प्रशासन द्वारा अवैध खनन के खिलाफ सख्ती बरतते हुए एक बड़ी कार्रवाई की गई, जिसमें लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर जिसका पंजीयन संख्या अंकित नहीं और एक टेलर को जप्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त लाल रंग के टेलर पर लगभग 100 सीएफटी अवैध बालू लदा हुआ था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर उक्त वाहन को जब्त कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर पुलिस सूत्रों ने कहा कि अवैध खनन पर प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस तरह के गैरकानूनी कार्यों में संलिप्त पाए जाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सिविल सर्जन,देवघर शुक्रवार को उत्कर्मित मध्य विद्यालय सातर देवघर में तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी, तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बतलाया गया ।

## बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का निशुल्क वितरण



**देवघर ।** विहंगम योग परिवार के बेनर तले अक्षर देव जी महाराज के 15वें जन्मदिन के अवसर पर विहंगम योग परिवार के जिला संयोजिका अनिता कुमारी के नेतृत्व में हवन-यज्ञ किया गया.वहीं शुक्रवार को देवघर प्रखंड के महतोडीह विद्यालय के दर्जनों बच्चों को पाठय सामग्री समेत अन्य जरूरतमंद उपहार निशुल्क वितरण किए।जिला संयोजिका सुनीता कुमारी ने बताया कि यह कार्यक्रम हर साल उनके जन्मदिन पर किया जाता है और हजारों बच्चों को मुफ्त में शिक्षा और संस्कार दी जाती है. जिला संयोजिका सुनीता कुमारी ने कहा की सप्ताह भर चलने वाला कार्यक्रम में शुक्रवार को पाकुड़, साहिबगंज एवं गोड्डा के कई स्थानों पर असहाय व्यक्तियों के बीच सामग्री वितरण किया जाएगा।मौके पर कुसुम सिंह,प्राची कुमारी,शिवानी कुमारी समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

## पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को दी गयी श्रद्धांजलि



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जलसार रोड स्थित देवघर जिला इंटक के कार्यालय में देश के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार, देवघर जिला इंटक के कार्यकारिणी के सदस्य सुधीर कुमार देव एवं प्रमिला देवी, मोहनपुर प्रखंड इंटक के अध्यक्ष अजय कांत ठाकुर, देवघर जिला इंटक के सचिव सदाशिव राणा तथा अभिषेक कुमार सिंह, देवघर जिला इंटक के महासचिव प्रीतम कुमार पांडे व देवघर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव राहुल राज ने उनके चित्र पर माल्यार्पण का श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने कहा कि नैतिकता एवं सादगी के प्रतीक राजेंद्र बाबू महान चिंतक थे तथा मूल्यों की राजनीति करते थे। राष्ट्र का एक सजग प्रहरी होने के नाते उन्होंने अपने कार्यकाल में भारतीय संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा जिस निष्ठा से की उसकी मिसाल आज भी कायम है। उनके सिद्धांतों एवं आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## आर मित्रा स्कूल में क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित

**देवघर।** 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आर मित्रा विद्यालय, में एक रोमांचक केबीसी-स्टाइल कॉम्पिटेंसी-बेस्ड क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पहले चरण में आयोजित लिखित परीक्षा के बाद, 27 विद्यार्थियों ने अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया। दूसरे राउंड में विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर आधारित छह रोचक राउंड संपन्न हुए। इनमें सामान्य विज्ञान, अंतरिक्ष से जुड़े क्या होगा अगर?÷ प्रश्न, रोजमर्रा की जिंदगी में विज्ञान, जलवायु एवं प्रकृति, पृथ्वी और अंतरिक्ष, प्रयोग को पहचानो। वैज्ञानिक को पहचानो। जैसे दिलचस्प विषय शामिल थे। प्रतियोगिता के विजेता में प्रथम स्थान= श्रेयांशु अभिनव, कृष्णा राज, सौम्य वर्मा,द्वितीय स्थान अंकित राज, सौम्य कुमार, हर्ष राज तृतीय स्थान प्रियांशु कुमार, आर्यन कुमार, कानू कुमार इसके अतिरिक्त, रानी, रणवीर कुमार, कुंदन कुमार, प्रिंस कुमार, अमन कुमार वर्मा, अनीश कुमार, आर्यन राज, राज नमन, अंश कुमार दास, चंद्रशेखर, राजकुमार, सृष्टि बरनवाल, हर्ष राज, विक्रम कुमार शर्मा, आर्यन पोद्दार, आदित्य पांडे, अरनव, स्टीफन सोरेन, सिद्धार्थ पोद्दार सहित कई विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी वैज्ञानिक सोच एवं तर्क क्षमता का परिचय दिया। श्रीकांत जयसवाल ने क्विज़ मास्टर की भूमिका निभाई, जबकि अभिजीत कुंडू ने स्कोरिंग का कार्य किया।

## कल विज्ञान दिवस प्रतियोगिता के विजेता होंगे पुरस्कृत




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** साप्ताहिक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत स्थानीय साइंस एंड मैथेमेटिक्स डेवेलोपमेंट आर्गेनाईजेशन के बैनर तले विज्ञान संबंधित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। स्थानीय प्रतिभागियों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुमका स्थित किंडर रोज प्ले स्कूल की पीहू प्रिशा, डिप्सर की पायल कुमारी, दीनबंधु उच्च विद्यालय की शिवानी झा, दिव्या कुमारी, आयुषी राज, राम मन्दिर बीपीजे हाई स्कूल की माही गुप्ता व अन्य का चयन राज्य स्तर पर हुआ है। सभी चयनित विद्यार्थियों को 2 मार्च को होटल न्यू ग्रैंड स्थित सिद्धिविनायक बैंक्वेट हॉल के भव्य सभागार में पुरस्कृत किया जाएगा।

## टेक्नीशियन के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल में पदस्थापित एक्स-रे टेक्नीशियन महेंद्र प्रसाद शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर अस्पताल सभागार में एक भावनात्मक सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महेंद्र प्रसाद ने 1997 में अपनी सेवा यात्रा शुरू की और बीते 28 वर्षों तक विभिन्न अस्पतालों में पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया। विदाई समारोह में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मोहम्मद शाहिद ने सबसे पहले उन्हें माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद चिकित्सा पदाधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भी बारी-बारी से माला पहनाई, उपहार दिए और उनके प्रति आभार प्रकट किया। अस्पताल उपाधीक्षक ने कहा, महेंद्र प्रसाद का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा। उनका व्यक्तित्व कर्तव्यनिष्ठ और निष्ठावान था। उनकी अनुपस्थिति अस्पताल में सभी को खलेगी


**झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय**

**ई0-निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | उप कारा, मधुपुर, देवघर |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों एवं विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। (वार्षिक निविदा दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | 18.03.2025 से 24.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि। | 18.03.2025 से 24.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | 26.03.2025 से 27.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन की राशि (EMD) (₹2500/–से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | 26.03.2025 से 27.03.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | 28.03.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधीक्षक, उप कारा, मधुपुर के कार्यालय कक्ष में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, मधुपुर के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से सम्बन्धित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
उप कारा, मधुपुर, देवघर

PR 347456 Deoghar (24-25)_D



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, PAKUR.**

**E-Procurement Notice (1st Call)**

Tender Notice Reference No.- DWSD/PKR/34/2024-25 Dated : 27.02.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name of the Advertiser | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation, Division, Pakur. |
| 3 | Date of Publication of Tender on Web site | 06.03.2025/ 01.00 PM |
| 4 | Date of Pre- bid Meeting | 13.03.2025 / 01.00 PM |
| 5 | Last date /Time for receipt of Bid | 26.03.2025/04.00 PM |
| 6 | Last date/time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ (As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | 26.03.2025/ 04.00P.M |
| 7 | Date of opening of Tender | 27.03.2025/04.00 P.M |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Wate r & Sanitation Division, Pakur, Jharkhand. |
| 9 | Contact no of Procurement office | 9110073326 |

| Sl. No | Name of Work | Block | Group No. | Estimated Cost (In Rs.) | Earnest money (In Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Remaining Work of Urban Water Supply Scheme, Pakur | Pakur | 1 | 43462000.00 | 10000.00 | 900000.00 | 06 Month |

➢ Note:- The Work order will be given only after sanction of Administrative Approval.
- अन्य किसी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।
- आवंटन प्राप्त होने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
- उपरोक्त वर्णित समयावधि के अन्दर ही कार्य करना अनिवार्य है। समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण नहीं करने पर काली सूची में दर्ज करने की कार्रवई की जायेगी।
- परिमाण विपत्र की राशि लौटाई नहीं जायेगी।

Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation
Division, Pakur.

PR 347379 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D



**कार्यालय नगर परिषद, पाकुड़**

**–: आवश्यक सूचना :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, पाकुड़ क्षेत्रान्तर्गत ऐसे सरकारी दुकानदार (नगर परिषद अधिन दुकान) जो अपना आवंटित दुकान का किराया बकाया लम्बे समय से भुगतान नही किया गया है। ऐसे दुकानदारों की सूची निम्नवत् है :–

| Sl.No | Shop No. | Owner Name | Address | Demand |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23 | Sandip Kumar Trivedi | New Bus Stand Pakur | 26190.00 |
| 2 | 15 | Gouri Shankar Bhagat | New Bus Stand Pakur | 19326.00 |
| 3 | 20 | Dilip Kumar Hembrom | New Bus Stand Pakur | 20118.00 |
| 4 | 18 | Vimal Kumar | New Bus Stand Pakur | 32796.00 |
| 5 | 19 | Kundan Kumar Shukla | New Bus Stand Pakur | 31944.00 |
| 6 | 14 | Ekramul Ansari | New Bus Stand Pakur | 38016.00 |
| 7 | 17 | Shilu Kumar | New Bus Stand Pakur | 26784.00 |
| 8 | 3 | Abdul Kasim | New Bus Stand Pakur | 24804.00 |
| 9 | 6 | Nirala Manoj Kumar Das | New Bus Stand Pakur | 38016.00 |
| 10 | 1 | Ramesh Kumar | New Bus Stand Pakur | 25398.00 |
| 11 | 2 | Saqulain Mustak | New Bus Stand Pakur | 30792.00 |
| 12 | 1 | Brijmohan Sah | Main Road (North area) | 5808.00 |
| 13 | 2 | Ruma Sarkar | Main Road (North area) | 27456.00 |
| 14 | 4 | Kumkum Singh | Main Road (North area) | 16268.00 |
| 15 | 5 | Barsha Mandal | Main Road (North area) | 31268.00 |
| 16 | 6 | Rahul Kumar Singh | Main Road (North area) | 16268.00 |
| 17 | 8 | Gita Bhagat | Main Road (North area) | 36048.00 |
| 18 | 9 | Gurudip Makhani | Main Road (North area) | 36048.00 |
| 19 | 10 | Santanu Banerjee | Main Road (North area) | 5808.00 |
| 20 | 12 | Punam Jain | Main Road (North area) | 11088.00 |
| 21 | 13 | Sudipti Sarkar | Main Road (North area) | 36048.00 |
| 22 | 14 | Pawan Agarwal | Main Road (North area) | 22448.00 |
| 23 | 13 | Safatul Ansari | Hatpara, Pakur | 18000.00 |
| 24 | 11 | Masidul Shekh | Hatpara, Pakur | 18000.00 |
| 25 | 15 | Sidh Miya | Hatpara, Pakur | 53000.00 |
| 26 | 16 | Salam Mehna | Hatpara, Pakur | 18000.00 |
| 27 | 21 | Jamaluddin | Hatpara, Pakur | 18000.00 |
| 28 | 12 | Prem Saha | Hatpara, Pakur | 18000.00 |
| 29 | 16 | Barun Saha | Hatpara, Pakur | 28650.00 |
| 30 | 33 | Bishnu Chandra Das | Hatpara, Pakur | 28650.00 |
| 31 | 19 | Ganesh Prasad Saha | Hatpara, Pakur | 23400.00 |

उक्त के आलोक में निर्देश दिया जाता है कि आप अपने दुकान का बकाया किराया 15 दिनों के अंदर भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा नगरपालिका अधिनियम 2011 की सुसंगत धारा के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासक,
नगर परिषद, पाकुड।

PR 347396 (Urban Development) 24-25 (D)



**समाहरणालय, साहेबगंज**
**(जिला आपूर्ति शाखा)**
Email- dso.sbg@gmail.com

**राशन कार्ड विलोपन हेतु सूचना**

वैसे राशन कार्डधारी (गुलाबी, पीला या हरा) जिनकी मृत्यु हो गई अथवा जो शादी या अन्य कारण से दुसरे राज्य चले गये है कि सूची प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त सूची को उपायुक्त महोदय, साहेबगंज के आदेशानुसार स्थानीय समाचार पत्रों में एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जा रहा है। जिन लाभुको या उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम विलोपन के संबंध में कोई दावा/आपत्ति दर्ज करनी हो, तो वे अपना पक्ष साक्ष्य के साथ जिला आपूर्ति शाखा, साहेबगंज में प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा मान्य नहीं होगा। तथा झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2024 के प्रावधान के तहत् सूची में अंकित सदस्यों का नाम राशन कार्ड से विलोपित कर दिया जायेगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
साहेबगंज

PR 347423 (District)24-25*D



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, GODDA**

**E-Procurement Notice**

Short Term E-Tender Notice Reference no. 07 / DWSD/GOD/ 2024-25 (2nd Call) Date:- 28.02.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name of the Advertiser | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation, Division, Godda |
| 3 | Date of publication of Tender on Web site | 05.03.2025 / 5.00 P.M |
| 4 | Last date /Time for receipt of Bid | 12.03.2025 / 3.00 PM |
| 6 | Date of opening of Tender | 15.03.2025 / 3.00 PM |
| 7 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Godda, Jharkhand. |
| 8 | Contact no of Procurement office | 6206342859 |

| Sl. No | Particulars | Group No. | Estimated Cost (In Rs.) | Earnest money (In Rs.) | Cost of BOQ(In Rs.) | Time of Completion (In Days) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Estimate for Construction of new HYDT, DT and GPT at various polling station of Lok Sabha Election 2024 where drinking water not available under DW&SD GODDA for the year 2024-25. DMFT HEAD | GDD/ DWSD /G-1 | 3031610.00 | 61000.00 | 5000.00 | 15 Days |

नोटः– (1) निविदा की शर्ते एंव परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाइट jharkhandtendres.gov.in पर Upload रहेगा।

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

(Sanjay Kumar Sharma)
Executive Engineer, D.W. & Division, Godda

PR 347386 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D



fssai — **अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यालय, पाकुड़। झारखंड** — fssai
Food & Drugs Administration Building Sonajori, Sadar Hospital Campus, Pakur (JH) 816107

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**खाद्य कारोबारकर्त्ता के लिए आम सूचना**

आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारियों (मिठाई दुकान/रेस्टोरेंट/ढाबा/होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल/सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट/मुर्गा/मछली विक्रेता एवं फास्ट फुड विक्रेता इत्यादि) को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बिन्दुओं का शत्–प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. मिठाई बनाने वाले खाद्य कारोबारियों को सख्त निर्देश दिया जाता है कि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए आवंछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकुल असर डालने वाले अखाद्य/औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही FSSAI द्वारा अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक (100 ppm या 100mg/L) के अनुरूप ही करेंगे।
2. विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में जैसेः– खोवा/मावा/रसगुल्ला/छेना में आररोट/आटा/मैदा/सूजी इत्यादि, काजू बर्फी में गुलकोज, आटा, मैदा एवं घी में रिफाइन/तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे।
3. अपने–अपने खाद्य प्रतिशठानों में FSSAI License/Registration No. का प्रमाण–पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दर्शाना सुनिश्चित करेंगे।
4. विभिन्न खाद्य पदार्थों का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मिठाई/रेस्तरा/होटल/ढाबा में हेंडग्लोब्स, हेयरनेट (बाल ढ़कने का टोपी) एवं मास्क आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का समुचित साफ–सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे।
5. यदि किसी कारण वश अभी तक FSSAI License/Registration no. नहीं लिया है अथवा Renewal नहीं कराया है, तो 7 दिनों के अन्दर WWW.foscos.Fssai.gov.in पर Online जाकर वार्शिक कारोबार के अनुसार (<12 Lakh, Fssai Registration, ≥12 Lakh, Fssai License) आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए खाद्य सुरक्षा कार्यालय, पाकुड़ में सम्पर्क करें। ज्ञात हो कि बिना Valid Fssai License/Registration के खाद्य कारोबार करने पर अधिकतम 10 (दस) लाख रूपये तक का जुर्माना हो सकता है।
6. पैकेट बंद खाद्य पदार्थ बिना Fssai License No., बनने की तिथि, Expiry की तिथि, Batch no, Nutritional सूचना इत्यादि के क्रय–विक्रय करना FSS Act. 2006 की धारा–52 के तहत् दंडनीय अपराध है।
7. सभी खाद्य पदार्थों को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदने एवं बेचने के साथ ही इसका रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे।
8. तले भुने हए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे–समोसे, पकौड़े, जलेबी, कचरी, बरा आदि को अखबार, प्रिन्टेंड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में देना सख्ता मना है। ऐसा करते पाये जाने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।
9. सभी मिठाई दुकान, होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालको द्वारा फोस्टेक ट्रेनिंग सार्टिफिकेट, पानी का जाँच रिर्पोट, पेस्ट कंट्रोल सार्टिफिकेट, कार्यरत कर्मियों का नियमाकुल स्वास्थ्य जाँच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र रखना आवश्यक है।
10. होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई विक्रेता एवं अन्य फास्ट फूड दुकानदार विशेश रूप से दूध, पनीर, खोवा/मावा, इत्यादि फूड लाईसेंसधारी वेंडर से ही लेंगे एवं उक्त वेंडर का फूड लाईसेंस व बिल दुकान में रखना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में अज्ञात स्रोत से प्राप्त सामग्रियों को जाँच कर, जब्त एवं नश्ट करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।
11. सभी स्ट्रीट फूड वेंडर (स्थायी एवं अस्थायी) बिक्री किए जाने वाले खाद्य सामग्रियों को ठीक से ढ़क कर रखेंगे एवं वैध Fssai फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेकर ही कारोबार करेंगे।

उपरोक्त सभी दिशा–निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की सुसंगत धाराओं के तहत् विधि–सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

Note :– साथ ही उपभोक्ताओं को भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा मिलावटी, Expiry अथवा किसी प्रकार का अवमानक खाद्य सामग्री दिया जाता है, तो इसकी शिकायत Toll Free No.1800112100 तथा Food Safety Connect App पर अवश्य करें।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पाकुड़।

PR 347343 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

# बालू घाटों पर साईन बोर्ड सहित सरकार द्वारा निर्धारित सभी निर्देश करें अंकित: डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**गोड्डा ।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आहूत की गई। वहीं समीक्षा के दौरान उपायुक्त के द्वारा संबंधित अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से बालू घाटों का भौतिक निरीक्षण करने, अवैध बालू उठाव में संलिप्त वाहनों के परिचालन मार्गों को चिन्हित करने, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण रोकने, जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स एवं अंचल स्तरीय टास्क फोर्स को आपसी समन्वय स्थापित कर सघन जांच अभियान चलाने, पंचायत स्तरीय बालू घाटों पर विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरतने तथा अवैध खनन करने में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहनों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी अंचल अधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र अंचल अन्तर्गत अवस्थित कैटेगरी 1 में बालू घाटों के पंचायत स्तरीय समिति को बालू घाटों पर साईन बोर्ड लगाने उक्त साईन बोर्ड में बालू घाट का नाम, समिति के सभी सदस्यों का नाम एवं मोबाईल नंबर, सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि, बालू घाट संचालन का समय अवधि अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर पवन बाघ, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू , अनुमंडल पदाधिकारी महागामा, आलोक वरण केसरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा, अशोक प्रियदर्शनी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महागामा चंद्रशेखर, जिला खनन पदाधिकारी सहित संबंधित अंचल के अंचलाधिकारी, संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी मौजूद थे।



## चित्तरंजन में अतिक्रमण पर फिर चला बुलडोजर, लोगों में नाराजगी



**चित्तरंजन**=रेलवे प्रशासन ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को स्काईन क्षेत्र के पास स्ट्रीट नंबर 2 में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची और रेलवे की जमीन पर बने अवैध मकान, दीवारें व अन्य निर्माण ध्वस्त कर दिए। बुलडोजर की आवाज और दीवारों के गिरने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें पहले से कोई सूचना नहीं दी गई, जिससे वे अपना सामान सुरक्षित नहीं निकाल सके। हालांकि, प्रशासन ने सुरक्षा बलों की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्वक पूरी की। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान पहले भी चलाया गया था लेकिन बीच में रुक गया था। अब इसे दोबारा तेज किया गया है और आगे भी जारी रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और भविष्य में निर्माण से पहले कानूनी अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि वे वर्षों से यहां रह रहे थे, लेकिन बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए उन्हें बेघर कर दिया गया।

## घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से चोरों ने उड़ाया बैट्री, क्षेत्र में भय का माहौल

बसंतराय =प्रखंड के थाना क्षेत्र अंतर्गत राहा पंचायत के कोरियाना गांव से घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैट्री को चोरों ने उड़ा लिया। वहीं स्वराज ट्रैक्टर का निबंधन संख्या जेएच 17 क्यू 2829 बताया गया। थाना क्षेत्र में चोरों का मनोबल चरम पर है और क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। वहीं इस पूरे महीने में चोरों ने चार जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया है लेकिन स्थानीय प्रशासन इस पर लगाम लगाने में असफल दिख रहे हैं। वहीं क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल है। लगातार हो रही चोरी को लेकर गांव में कई तरह की चर्चा हो रही है। वहीं ट्रैक्टर के मालिक मो0 क़ासिम ने बताया कि रात 10 बजे के क़रीब ट्रैक्टर सही सलामत घर के बाहर दरवाजा पर लगा हुआ ही था। लेकिन सुबह जब नींद टूटी और बाहर निकल कर देखा तो ट्रैक्टर का बैट्री बॉक्स खुला हुआ था और बॉक्स से बैट्री गायब था। वहीं ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि आसपास के जगह में बहुत खोजबीन कर ढूंढने का प्रयास किया गया लेकिन कुछ भी पता नहीं लग पाया। इस दौरान आसपास के कई लोगों से पूछताछ की गई और कई जगह पर काफ़ी खोजबीन किया गया परंतु कुछ भी हाथ नहीं लगा। वही पीड़ित ट्रैक्टर के मालिक मो0 क़ासिम ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर स्थानीय थाना में आवेदन दिया जाएगा। खबर लिखने तक थाना में आवेदन नहीं दिया गया है।

## 2 मार्च से जामबाद में होगी 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन

हिरणपुर( पाकुड़ ) प्रखंड के जामबाद गांव के शिव मंदिर प्रांगण में आगामी 2 मार्च से श्री श्री 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन आयोजित होगी। इसकी जानकारी माणिक भंडारी ने दी उन्होंने बताया कि 2 मार्च को शुभ अधिवास के साथ संकीर्तन प्रारंभ होगी।वहीं 3 को पूर्वराग, 4 को लीला कीर्तन, 5 को महारास एवं 6 मार्च को कुंजभंग सह प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसमें पश्चिम बंगाल के मालदा से दुलाल पाल कीर्तन मंडली के अलावे अन्य कीर्तन मंडली शामिल होंगे।

## डीएमएफटी से कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**गोड्डा ।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में उपायुक्त के द्वारा डीएमएफटी मद से कराए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों का सुसज्जीकरण, पंचायत लाइब्रेरी, पुराना समाहरणालय स्थित बन रहे सिदो कान्हो डिजिटल लाइब्रेरी, विद्यालयों का आधुनिकीकरण कार्य आदि की क्रमवार समीक्षा की गई।समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा पुराना समाहरणालय में बंद पड़े विभागों को खाली करा कर पूरे परिसर को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने तथा पूर्ण हो चुके सभी कार्यों का जिला स्तरीय टीम गठित कर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश उप विकास आयुक्त को दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी, बैद्यनाथ उरांव एवं डीएमएफटी कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

## जामताड़ा ने गढ़वा को 90 रन से किया पराजित



**गोड्डा ।** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में स्थानीय गाँधी मैदान में आयोजित अंडर 23 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में जामताड़ा ने गढ़वा को 90 रन से पराजित किया। वहीं जामताड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवर 2 गेंद में 173 रन पर ऑल आउट हो गई।मुकेश कुमार ने 69 रन एवं ह्रितिक अनंत ने 34 रन की पारी खेली। गढ़वा की ओर से रंजन एवं मोहित ने 3-3 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी में गढ़वा की टीम सिर्फ 21 ओवर 2 गेंद में 83 रन पर ऑल आउट हो गई। जहां हर्ष सिंह ने सर्वाधिक 23 रन की पारी खेली। जामताड़ा की ओर से मुकेश कुमार ने 4 विकेट तथा आदित्य सिंह एवं ह्रितिक ने 3-3 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जामताड़ा के मुकेश कुमार को ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल के निदेशक समीर दुबे के द्वारा ट्रॉफी एवं 5000 की नकद राशि प्रदान की गई। वहीं क्रिकेट संघ द्वारा बताया गया कि कल का मुकाबला गुमला बनाम गढ़वा के बीच खेला जायेगा। इस अवसर पर पर्यवेक्षक काजल दास, अंपायर उमेश पाठक, इफ्तेखार शेख स्कोरर दीपक कुमार के अलावा क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार, इंतेखाब आलम, मुकेश मंडल, अवधेश कुमार, सनम कुमार, विजय कुमार, प्रभु, अंजन, राहुल, कन्हैया, संजीव सहित अन्य खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## नवनिर्मित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का डीसी ने किया निरीक्षण

**गोड्डा ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा नवनिर्मित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का नियमित मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा की स्थिति, डबल लॉक की स्थिति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा स्थापित अन्य मानदंडों का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्रि-मासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं जांच प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजा जाता है। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद रहे।

## नारायणपुर के नयाडीह में किसान गोष्ठी-सह-प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन



नारायणपुर (जामताड़ा) - कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं आत्मा जामताड़ा के सौजन्य से नारायणपुर प्रखंड के नयाडीह गांव में शुक्रवार को किसान गोष्ठी-सह-प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीटीएम सीमावती सिंह ने की, एवं किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों की जानकारी दी।गोष्ठी में खेती उत्पादन बढ़ाने और किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर आत्मा जामताड़ा द्वारा संचालित योजनाओं जैसे किसान समृद्धि योजना, जरेडा सोलर पंप सेट योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना आदि की जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया गया।बीटीएम सीमावती सिंह ने बताया कि इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों से जोड़ना है, जिससे वे कम लागत में अधिक उपज प्राप्त कर सकें। उन्होंने नेट हाउस तकनीक के माध्यम से संरक्षित फूलों की खेती को लाभदायक बताया। साथ ही, मोटे अनाज जैसे मडुआ, मक्का, बाजरा, ज्वार, कुलथी, मूंगफली की खेती के महत्व और विधियों पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर किसानों को धान की खेती, सिंचाई, खाद और दवा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जामताड़ा बीटीएम एकबाल हुसैन, शिव शंकर हांसदा, वासुदेव हांसदा, कृष्ण हांसदा सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित थे।

## - महागामा के महादेव बथान गांव में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में 90 दिवसीय इंटेंशिव जागरुकता व साक्षरता अभियान का आयोजन किया गया है। इसके तहत डालसा की ओर से गठित टीम ने न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में महागामा प्रखंड के महादेव बथान पंचायत क्षेत्र में डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल शशि कुमार हांसदा व शनिलता मरांडी ने ग्रामीणों को कानून का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। बच्चों को एक ऐसे परिवेश में बड़ा होने की जरुरत है जिसमें वे एक स्वतंत्र एवं गरिमापूर्ण जिंदगी जीने योग्य बन सकें। उन्हें शिक्षा एवं प्रशिक्षण का अवसर दिया जाना चाहिए। ताकि वे बड़े होकर जिम्मेवार व जबावदेह नागरिक बन सकें। दुर्भाग्यवश वच्चों की एक बड़ी आबादी अपने मूलभूत अधिकारों से बंचित हैं। वे खासकर असंगठित क्षेत्र में काम करते हुए पाये जाते हैं। उनमें से कुछ को कैद भी रखा जाता है तथा मारापीट किया जाता है। इन बच्चों को निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार से पूर्णतः वंचित रखा जाता है।इस दिशा में समूदाय को सोचने की जरुरत है। बच्चों को काम पर लगाने की यही प्रक्रिया मानव तस्करी का रूप ले लेती है। टीम के सदस्यों ने कहा कि जागरुक होने से ही समाज से कुप्रथा समाप्त हो सकेगी। इसके लिए शिक्षा की बहुत जरुरत है। शिक्षित समाज से ही विकास संभव है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजें। कम उम्र के बच्चों से मजदूरी नहीं करायें। इस अवसर पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह जन सेवक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड कार्यालय में कार्यरत प्रभारी कृषि पदाधिकारी सह जन सेवक निमाई चंद्र देवांशी की सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। शुक्रवार को नाला प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान सभी पदाधिकारी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, जनसेवक सहित अन्य कर्मियों ने बारी-बारी से सेवानिवृत कृषि पदाधिकारी सह जन सेवक निमाई चंद्र देवांशी के समर्पित एवं निष्ठा पूर्वक किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने निमाई चंद्र देवासी के द्वारा अपने सेवाकाल में निष्ठा पूर्वक समर्पित होकर किए गए कार्यों की सराहना की उन्होंने कहा कि निसंदे इन्होंने अपने कार्य सेवाकाल में बहुत ही अच्छी रिपोर्टिंग की इनका स्वभाव भी बहुत अच्छा रहा। यह फादर फिगर के रूप में हमारे सामने रहे और बहुत ही अनुभवी रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में बेदाग होकर सेवा निवृत्ति होना भी बहुत बड़ी बात है। उनके कार्य अनुकरणीय है। इस अवसर पर बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने सेवानिवृत्त निमाई चंद्र देवांशी को मिलने वाले सेवा निवृत्ति के पश्चात सभी प्रकार की

## मां एक ऐसी दौलत है जिनकी आंखों में ममता और कदमों में जन्नत है: मौलाना शफाअत रजा



**बसंतराय ।** अब्दुल हमीद आजाद मिल्ली फाउंडेशन राहा के तत्वावधान में बीते गुरुवार की रात्रि में मदरसा मदीना तुल इल्म राहा में अजमत ए वालदैन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन सीमावर्ती क्षेत्र के सुप्रसिद्ध इस्लामी विद्वान दार्शनिक एवं चिंतक मौलाना मु0 अब्दुल हमीद आजाद की पत्नी और मो सुलैमान जहांगीर आजाद की मां रफिया खातून के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। कॉन्फ्रेंस में अपने विचार को रखते हुए मदरसा मदीनतुल इल्म के संचालक मौलाना शफाअत रजा नूरी ने कहा कि मां दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। मां की आंखों में हमेशा अपने बच्चों के लिए ममता और उनके कदम के नीचे जन्नत रहता है। मां के इस दुनिया से चले जाने के बाद उनके महत्व का पता चलता है। उन्होंने कहा कि स्व0 रफिया खातून बहुत नेक दिल और लोगों के लिए मददगार महिला थी। सीमावर्ती क्षेत्र के चर्चित समाजसेवी एवं धोरैया प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि मो0 हफीज मकबूल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व0 रफिया खातून समाज के महिलाओं के लिए आदर्श थी। वह हमेशा पीड़ितों एवं शोषितों की मदद के लिए तत्पर रहती थीं। वह पूरे लगन और तत्परता से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देती थीं जिसका परिणाम है कि उनका एक पोता अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से लॉ करने के बाद देश के सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में पंजीकृत अधिवक्ता के रूप में है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़े पुत्र अजहर अली नवाज, मो0 फैसल, अब्दुस सत्तार एवं मदरसा परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन फाउंडेशन के संस्थापक एवं छोटे पुत्र सुलैमान जहांगीर आजाद के द्वारा किया गया।

## हर हर महादेव के नारे से गूंजा महागामा, हुई भव्य आरती का आयोजन



**महगामा प्रतिनिधि गोड्डा/** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महागामा के श्री श्री 108 रामेश्वर नाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में आयोजित शिवगंगा आरती श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जैसे ही संध्या का समय हुआ, मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।शिवगंगा के तट पर दीपों की जगमगाहट और मंत्रोच्चार से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। मुख्य पुजारी और आचार्यों के नेतृत्व में विधिवत गंगा पूजन संपन्न हुआ, जिसमें भक्तों ने आस्था और श्रद्धा के साथ भाग लिया। आरती शुरू होते ही पूरा माहौल ÷हर-हर महादेव÷ और बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। सैकड़ों दीपों की रोशनी में शिवगंगा का दृश्य दिव्य प्रतीत हो रहा था।ढोल-नगाड़ों की ध्वनि और शंखनाद के साथ आरती संपन्न हुई, जिससे हर भक्त की भक्ति और उल्लास और भी बढ़ गया। आरती में भाग लेने आए श्रद्धालुओं ने इसे अद्भुत और आत्मिक शांति देने वाला अनुभव बताया। स्थानीय निवासी अमित झा ने कहा, इस आरती में भाग लेकर अपार शांति का अनुभव हुआ। ऐसा लगा जैसे स्वयं भगवान शिव की कृपा हम पर बरस रही हो।इस अवसर पर मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनियों से भव्य रूप से सजाया गया था। वहीं सोनार टोला स्थित भूमफोड़ महादेव मंदिर में बुधवार की देर शाम में बैलगाड़ी नंदी पर सवार होकर पंडित उमाकांत झा के अगुवाई में पारंपरिक विधि विधान से शिव बारात निकाल गया। वहीं इस अवसर पर पूरे समाज की ओर से खीर महाप्रसाद श्रद्धालुओं को दिया गया। वहीं पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के भगवान शिव की आराधना कर सकें। रामेश्वर नाथ महादेव मंदिर शिव गंगा में शिव गंगा आरती करते हुए काशी के पंडितगण।

## एसपी ने नाला थाना का किया निरीक्षण, दिया जरूरी निर्देश

**नाला (जामताड़ा)।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 एहतेशाम वकारिब ने नाला थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब के नाला थाना आगमन होते ही पुलिस टुकड़ियों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब ने नाला थाना कार्यालय में बैठकर विभिन्न पंजियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पंजियों का निरीक्षण बारी-बारी से किया। साथ ही अनुसंधान से जुड़े सभी पदाधिकारियों (आईओ)को बारी-बारी से बुलाकर उनसे संबंधित कांडों की पंजियों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब ने बताया कि वर्ष 2024 में उनका परफॉर्मेंस कैसा रहा, किस पर इन्होंने बढ़िया कार्रवाई की तथा किन कार्रवाई पर इनका परफार्मेंस संतोषजनक रहा आदि की समीक्षा की गई। साथ ही पूराने रेकॉर्ड देखा गया सब संतोषजनक पाया गया। कुछ कुछ कमियां थी उसपे आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। खासकर नाला क्षेत्र में जो भी अपराधिक तत्व हैं जोकि लगातार क्राइम कर रहे हैं उसपे विशेष निगरानी प्रस्ताव भेजने को कहा गया है ऐसे गुंडा तत्व का पहचान करके गुंडा बही में डालकर उसपे निगरानी का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। बाकि जो क्राइम का ग्राफ है उसपे जो भी यहां पे पीछले वर्ष क्राइम हुआ उसमें शीघ्र ही चार्ज शीट करने का निर्देश दिया गया। खासकर महिला विरूद्ध क्राइम पे विशेष फोकस रखने को कहा गया है। 50 से 55 दिन में चार्ज शीट करना है। इसके अलावे गश्ती दल को दूर दराज इलाकों में 24 घंटा पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया। चेकपोस्ट में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए प्रस्ताव दिया गया है। कहा कि हमलोग कोशिश कर रहे हैं कि और सीसीटीवी कैमरा लगे ताकि हमारा लॉ एंड आर्डर इफेक्टिव हो। इस अवसर पर डीएसपी मनोज कुमार महतो, नाला प्रभाग के पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ,नाला थाना प्रभारी राजीव रंजन

## डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया श्रद्धांजलि अर्पित



**गोड्डा ।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनके तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव ने किया। जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव ने कहा कि हम लोगों को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के बताए गए मार्ग पर चलकर इस देश को आगे ले जाने की जरूरत है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने में जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, महासचिव प्रियव्रत झा, जुगनू अली, सचिव सुशीला देवी, कार्यालय प्रभारी सोनी सिंह, सुकर रविदास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झालसा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित



**गोड्डा ।** झालसा की ओर से संचालित 90 दिवसीय इंटेंशिव लीगल लिटरेशी एवं लीगल अवेयरनेश प्रोग्राम के तहत पिछले 27 जनवरी 25 को विभिन्न लीगल लिटरेशी क्लब में निबंध, चित्रकला एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने झालसा से प्राप्त प्रमाणपत्र का वितरण किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में पेंटिंग के लिए पोड़ैयाहाट केजीबीभी की नगमा परवीन ने प्रथम, सुंदरपहाड़ी केजीबीभी के सबीना हेम्ब्रम ने द्वितीय एवं एनएससीबीएभी के सुरेन्द्र कुमार गिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लेखन प्रतियोगिता में जेबीएभी बसंतराय की जूली कुमारी ने प्रथम, केजीबीभी पथरगामा की सीमा कुमारी ने द्वितीय एवं केजीबीभी महागामा की कहकशा परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौर में केजीबीभी पोड़ैयाहाट की निक्की कुमारी ने प्रथम, केजीबीभी महागामा की अंजली कुमारी ने द्वितीय एवं एनएससीबीएभी के सोनू ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि झालसा की ओर से आयोजित इंटेंशिव जागरुकता व विधिक साक्षरता अभियान के तहत विभिन्न् विद्यालयों में गठित लीगल लिटरेशी क्लब की छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, चित्रकला व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन झालसा की ओर से किया गया है। इसी के आलोक में झालसा द्वारा प्राप्त प्रमाणपत्र प्रतिभागियों के बीच वितरित किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## जनहित से जुड़े कार्यों में लाएं तेजी, समय पर पूरी होनी चाहिए योजनाएं : राधारानी सोरेन

**जामताड़ा ।** शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिप अध्यक्ष राधारानी सोरेन की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक आहूत की गई।बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क निर्माण, बिजली सहित अन्य विकास कार्य तथा पेयजल आपूर्ति जैसे अन्य प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। जिप अध्यक्ष ने लंबित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। जिप अध्यक्ष ने बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए और विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। कहा कि जिले के विकास में विभागीय समन्वय और पारदर्शिता बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ जनता तक सुचारू रूप से पहुंचे। वही सड़कों की मरम्मत और जलापूर्ति योजनाओं में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की गई और इसे प्राथमिकता से निपटाने का निर्देश दिया गया। वहीं उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने कहा प्रयास है कि जिला परिषद की बैठक हर माह हो। आज के बैठक में सभी विभाग के अधिकारी आए थे, जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपनी समस्याओं को रखा गया। उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर समुचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं समय सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा जिप उपाध्यक्ष फूलकुमारी देवी, जिप सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए राजेंद्र बाबू



**गोड्डा ।** स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति, महान स्वतंत्रता संग्रामी एवं अधिवक्ता देश रत्न डॉ0 राजेंद्र प्रसाद को उनकी पुण्यतिथि के अवसर शुक्रवार को उन्हें याद करते हुए स्थानीय व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कोर्ट परिसर अवस्थित राजेंद्र बाबू के स्मारक के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में शामिल जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार झा, महासचिव योगेश चन्द्र झा, वरीय अधिवक्ता भानु प्रकाश दुबे, सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷, रतन दत्ता, अंबोद कुमार ठाकुर, दिवाकर यादव, संजय शर्मा, नंदन ठाकुर, ईनाम अहमद, सुधीर पाठक एवं विंध्याचल ने देशरत्न की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात उनके जीवनवृत्त एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।सर्वजीत झा ने जंग- ए- आजादी में उनके अवदान को याद करते हुए बताया की गोड्डा के प्रथम विधायक, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं साहित्यकार पंडित बुद्धिनाथ झा ÷कैरव÷ हिंदी विद्यापीठ देवघर के सचिव थे जबकि डॉ0 राजेंद्र प्रसाद कुलपति। इस वजह से कैरव जी को उनका सान्निध्य एवं स्नेह प्राप्त था। यही वजह है कि कैरव जी के आमंत्रण पर राजेंद्र बाबू का दो बार गोड्डा की धरती पर पदार्पण हुआ।

## बीडीओ ने की समीक्षा, दिए कई दिशा निर्देश

फतेहपुर ( जामताड़ा)। प्रखंड सभागार फतेहपुर में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार दास ने जेई, पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास आदि योजनाओं को लेकर चर्चा किया। साथ ही सभी कर्मियों को जिओटैग करने का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि प्रखंड में लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करें। इसके अलावा अन्य योजनाओं के समीक्षा की गई। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर बीपीओ टिंकू कुमार, जेई, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, ठिका**

भारत राष्ट्रपति सेच् खोन कामीय तुलुच् वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक(जीएस)/जीएसयू/चक्रधरपुर, नोवाको कामीय लागित् खुली ई-ठिकाय नेवतायेत् काना: **क्रम सं.: 1; ठिका सं. सीकेपी-जीएसयू-फेंसिंग-24-25-01; कामी रेयाक् जुतुम:** आसनबनी-झारसुगुड़ा स्टेशन ताला किलोमीटर 233.880 खोन 515.117 (281.237 ट्रैक किलोमीटर) हाबिच् ट्रैक साँवते धातु बीम क्रैश बैरियर, फिक्स्ड नॉड्स फेंसिंग (बेजिनल-2000), प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट आर आरसीसी कॉलम साँवते ईटा कामी होतेते सुरक्षा बाड़ लागाव रेयाक् बेबोसता; ठिका **गोनोङ: टाका** 2,02,94,87,150.07; **बायना गोनोङ** (ईएमडी): टाका 1,00,00,000; **ठिका फ ॉर्मसाकाम रेयाक् टाका: 0.00; ठिका खुलाई तारिक:** 04.04.2025। ठिक्काको/बोलीदाता ठेन किलास-**III** डिजिटल सुहीयाक् पोरमान साकाम होयोक् जारूड़ काना आर आईआरईपीएस पोर्टल रे पंजीकृत होयोक् जारूड़ काना। एकेन पंजीकृत ठिक्काको/बोलीदाता गे ई-ठिका प्रक्रिया रेको सेलेत् दाड़ेयाक्आ। ई-ठिका रे सेलेदोक् ओकते जोतो जोनोड़ाव कागजातको अपलोड दोहोय जारूड़ गेया। नोआ ठिका लागित् मैनुअल प्रस्ताव बाङ आंगोचोक्आ, आर जुदी जाहांय मैनुअल प्रस्तावे आमेत् काना, तोबे ओना दो बाङले मोनेयाक्आ। ठिका दो वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** रेको जेल दाड़ेयाक्आ। **नोट:** जोतो ठिक्कादारको दो ई-ठिका फॉर्मसाकाम मांगनी ते जारीयाकोआ। (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड रेयाक् चिठी सं. 2020/ सीई -I/ सीटी /3ई /जीसीसी /पॉलिसी तारिक 16.07.2020)। **(PR 1196)**

# पीएचडी रे भा़रतीक् ला़गित् 'संताल परगना स्टूडेंट यूनियन' दो़ खो़ज साकामको एमावादेया कुलपति

## मेन केदाको- 'जेआरएफपास पा़ठवा़वाक् सो़मो़य बेरबादो़क् काना'



**खोबोरिया**

**दुमका।** संताल परगना स्टूडेंट यूनियन, सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालयदुमका रेन मित् आ़युरदो़ल यूनियन रेन अध्यक्ष विमल मुर्मूवाक् आ़युररे सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका रेन मानो़तान कुलपति डॉ(प्रो.)विमल प्रसाद सिन्हा साँवते ञापाम काते आरदास खो़ज साकामकोएमावादेया। खो़ज साकाम रेको मेन आकादा जे बो़छो़र 2022 खो़न सिदोकान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका रे पीएचडी रे भा़रती बाङ होय आकाना,नो़ते लागातार मिमित् सत्र रे जो़तो़ विभाग रेन पा़ठवा़को दो़ नेट जेआरएफ आर पीएचडी रे भा़रतीक् ला़गित् नेट बिडा़उको पासएत्काना। निया़ धाव हों संताल, वाणिज्य विज्ञान घालो़क् आयमा विषय रेन पा़ठवा़ दो़ नेट, जेआरएफ आर पीएचडी रे भा़रतीक् ला़गित् नेटबिडा़उ रेको पास आकाना।

ओनको सा़ही सो़मो़य रे जुदी पीएचडी रेभा़रतीक् ला़गित् ओ़पसो़र आं़त बाङ एमावाको काना तो़बे ओनकोवाक् मो़ंज आं़त ओ़पसो़र दो़ चाबाक्आ। संगठन रेन अध्यक्षदो़य मेन केदा जे संताल परगना रे चेतानता़र आ़किल ला़गित् दो़ सिदोकान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय मित् मो़तरो़ संस्थान काना। नोण्डेन पा़ठवा़ कोड़ा कुड़ीको ढेरकाय दो़ रेंगेच् नाचार ओड़ाक् खो़नको हिजुक्काना ओनाइया़ते बाहरे रेयाक् विश्वविद्यालय रे पाड़हाक् दो़ ओनको ला़गित् मुसकिल होयोक् काना। विश्वविद्यालय प्रशासन दो़ आलेयाक् आरदास खो़ज रे मो़नेयाक् जा़रूड़ काना। नोआ ताक रे जेआरएफ पास पा़ठवा़ जितेश टुडू, प्रेमलता मुर्मू, राजेश पौरिया, सचिन कुमार सोरेन (महासचिव), श्रीकांत मरांडी, प्रेमलता मुर्मू, पार्वती मुर्मू, स्वीटीबास्के, मीना मुर्मू आर आयमा पा़ठवा़ कोड़ा-कुड़ीको ताहेंकाना।

## सिरा़मंत्री आर विधायक कल्पना साँवते नीरू शांति भगत दोय ञापाम एना



**खोबोरिया**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी कमल किशोर भगत रेन ओड़ाक् हो़ड़ नीरू शांति भगत दो़ सोकोलवार हिलोक् सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन आरविधायक कल्पना सोरेन साँवतेय ञापाम एना। नोआ ञापाम दो़ राजनीतिकञेनेल ते आ़डी जा़रूड़ा़नाक् मानावेत् काना, नोआ ते सो़ंदहो़होयो़क् काना जे नीरू शांति भगत दो़ उसा़रा गे झारखंड मुक्ति मोर्चा रे सेलेत् दाड़ेयाक्आ। नीरू शांति भगत दो़ लाहा ते आजसू पार्टी साँवजोड़ावे ताहेंयाकाना आर लोहरदगा सीट खो़न बार धाव चुना़वेला़ड़ाहा़इ चुका़उ आकाना।

चाहे बाय दाड़ेयाकाना। सोर दिन गे उनी दो़ आजसू पार्टीय बा़गी आकावादा। उनी आच् जावांय कमल किशोर भगत हों आजसू पार्टी खो़न विधायक ए ताहें चुका़उ आकाना।

## बोदमास दो़ धिरीको इदीयेत् ताहेंन हाइवा गा़ड़ीको जुंडीयादा

**खोबोरिया**

**पलामू।** जिला रेयाक् नौडीहा बाजार थाना टोठ रेयाक् कुहकुह इलाका रे बो़दमास दो़ मित्टेन हाइवा रे सेंगेलको जुंडीयादा। हाइवा माइंस रे धिरी हातावको इदीयेत् ताहेंना। बाइक देच् पेया बो़दमास दो़ नोआ घो़टो़नाको एमावादा। काथा बाडाय तायो़म पुलिस दो़ बोदमास ञेल ठिका़नको ला़गित् आर घो़टो़ना रेयाक् कारो़न पुसटा़उ बाडाय रेको धुरा़उ आकाना। बाडायाकान लेकाते लुखीवार हिलोक् ञिन्दा़ छतरपुर रेन शैलेंद्र सिंहआक् हाइवा कुहकुह इलाका रे माला कुमाराक् माइंस रे धिरी हाताव तेको चालाक्कान ताहेंना। मित् ते पेया पोनया हाइवाको इदीयेत् ताहेंना। नोआ ओ़कते बाइक ते हेच्एनपेया बो़दमास दो़ आ़डी तायो़माक् हाइवा गा़ड़ीको तेंगो केदा आरडायबो़र कुलीकाते सेंगेलको जुंडीयादा। घो़टो़ना तुरा़ंत तायोमनोआ काथा दो़ पुलिस ठेनको ला़ई केदा। नौडीहा बाजार रेन थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी दो़ सोकोलवार हिलोक् घो़टो़नारेयाक् पुसटा़उ ला़ई तुलुच्ए ला़ई केदा जे नोआ बाबो़त रेएफआईआर ला़लिसो़क्आ। जुंडीयात् हाइवा गा़डी दो़ छतरपुर रेनशैलेंद्र सिंहआक् काना। गा़डी दो़ खा़ली गे ताहेंकाना आर धिरी लोडला़गित् माइंस तेको इदीयेत् ताहेंना। नोआ घो़टो़ना रेन बोदमासी आर उग्रवादी दो़ कनेक्शन ला़गित्को जांचेत् काना। ला़ई



केदाकोजे बिहार बॉर्डर ओण्डे खो़न आ़डी सोर गेया। नोडका रे बोदमासाक्स्प्लिंटर ग्रुप हों नोआ रे सेलेत् होय दाड़ेयाक्आ। बोदमास दो़पेयाको ताहेंकाना आर मोटरसाइकिल तेको हेच् लेना। सेंगेल लागावतायो़म ताक खो़नको दा़ड़ केदा। पुरा़ मामला रे जांच होयोक् काना,उसा़रा गे हालो़त रेयाक् पुस्टा़उ बाडायो़क्आ। बाडायाक् काना जे ओका इलाका रे नोआ घो़टो़ना होय आकाना। ओना दो़ नक्सल प्रभावितटोठाको मानावेत् काना आर नोण्डे नक्सलीकोवाक् प्रभाव ताहेंकाना। नोडका रे नक्सली दो़ हिंसा़ खो़न बाडको बाङ दाड़ेयाक्आ।

## संजय दत्ताक् फिल्म 'द भूतनी' रेयाक् सारसादले केदा, 18 अप्रैल हिलोक् रिलीजोक्आ



**खोबोरिया**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त दो़ आर मित्धाव ला़टू पार्दा रे डामडा़हीय ला़गित्। उनीयाक् नावां फिल्म रेयाक् ञुतुमे सो़दो़रआकादा। नित संजय दत्त दो़ आ़डी उसा़रा गे निर्देशक सिद्धांत सचदेवाक्फिल्म 'द भूतनी' रेय ञेलो़क्आ। महाशिवरात्रि रेयाक् आसो़ल ताकरे नोआ फिल्म रेयाक् टाइटल आर रिलीज डेट खो़न पार्दाको पुस्टा़उआकादा। फिल्म रेयाक् टीजर हो़ंको जा़री केदा, ओका दो़ संजयदत्ताक् एक्शन ते पेरेच् आकाना। नोआ दमदार लुक दो़ फैंसकोवाक्रा़सका़ आरे ढेर केदा। संजय दत्त दो़ आयाक् दारायकान फिल्म 'दभूतनी' रेयाक् आ़धिकारी रूप तेय सारसादले आकादा, ओना रेयाक्टीजर दो़ रिलीज आकाना। फिल्म रेयाक् टीजर शेयर तुलुच् उनी दोयओ़लाकादा जे 'इस गुड फ्राइडे' बो़तो़र दो़ नावां ता़रिक ए ञामकेदा। पा़हिल नो़डका बाङ होय आकाना हॉरर, एक्शन आर कॉमेडीञेल ला़गित् ते साप्-सापड़ाव ताहेंन पे, भूत दो़ 18 अप्रैल हिलोक्सिनेमा ओड़ाक् रेय डामडा़हिया। नोआ हॉरर-थ्रिलर फिल्म रे मौनी रॉय, पलक तिवारी आर सनी सिंहताको हों आसो़ल रोल रेमेनाक्कोआ। फिल्म दो़ संजय दत्त आर दिपक मुकुट मिला़उ तेकिन बेनाव आकादा, मेनखान मान्यता दत्त नोआ फिल्म रेयाक् सह-निर्माता काना। फिल्म'द भूतनी' 18 अप्रैल 2025 हिलोक् सिनेमा ओड़ाक् रे उदुक् ला़गित् तेसाप्-सापड़ाव मेनाया। टीजर रे जो़तो़ एक्टरको ञेलो़क् काना, नोआ रे संजय दत्ताक् दमदार लुक दो़ आसो़ल चार्चा रे मेनाक्आ।

## हेरा फेरी-3 रे ञेलो़क्आ अक्षय, परेश आर सुनील ताकोवाक् तिकड़ी




**खोबोरिया**

**मुंबई।** 'हेरा फेरी' हिंदी सिनेमा दो़ नागाम रेयाक् जो़तो़ खो़न हिट कॉमेडी फिल्म मुद खो़न नोआ हों मित्टेन काना। नोआ फिल्म रेनआ़डी आयमा फैंस मेनाक्कोआ। अक्षय कुमार, परेश रावल आर सुनील शेट्टी ताको दो़ राजू, बाबूराव आर श्याम ञुतुम लेका तेको का़मीवाकात् रे ञेञेल हो़ड़ दो़ आ़डीको रा़सका़ आचो़वाकात्कोआ। नित हों तिन रे जाहांटाक् फिल्म टीवी रेकोउदुक्एत् काना, ओना दो़ आ़ड़ी जा़सतीको ञेलेत् काना। नोआ फिल्मदो़ 2000 सेरमा रे रिलीज आकाना। नोआ रेयाक् सीक्वल दो़ 'फिर हेरा फेरी' 2006 सेरमा रे रिलीज लेना। नित फिल्म रेयाक् तेसार पार्ट हों हिजुक् ला़गित् आर नोआ रे अक्षय-परेश-सुनील ताकोवाक् तिकड़ीको उदुक् सो़दो़रा। नोआ ताला रे परेश रावलाक् जायगा रेकार्तिक आर्यन सेलेदे ला़गित् तेको गालमाराक् काना जे परेश रावल दो़ मित्टेन इंटरव्यू रे आयाम बिसो़य रेय गालमाराव केदा। निया़ धाव उनी दो़ 'हेरा फेरी 3' बाबो़त ते हो़ अपडेटे एम आकाना। चेत् स्क्रिप्ट हों उनाक् गे मो़ंज गेया? नोआ रे उनी दो़य ला़ई केदा जे ''इञ दो़ नित हा़बिच् ते स्क्रिप्ट दो़ बा़ञ आंजो़म आकादा। मेनखान होय दाड़ेयाक् गेया आर होयोक् जा़रूड़ काना। चेदाक् एनते हो़ड़ दो़ फिल्म रे आ़डी बोरसा मेनाक् ताकोआ। हो़ड़ दो़ सीक्वलको खो़जो़क् काना, ओना इया़ते इञ हो़ंञ सुहियादा। होय दाड़ेयाक्आ जे थोड़ा कॉमेडी हों ताहेंना'' कार्तिक आर्यन दो़ 'हेरा फेरी 3' रे सेलेदेबाबो़त रे परेश रावल दोय मेन केदा जे कार्तिक आर्यन दो़ फिल्मला़गित् तेय सुहियाक् ताहेंना। तिन रे फिल्म रेयाक् का़हानी दो़एटाक् गे ताहेंकाना। ओना रे कार्तिकाक् नोआ रोल ताहेंकान ताया जे उनी दो़ राजूय साबे काना। इञ दो़ पुरा़ स्क्रिप्ट मो़ंज ते बा़ञ आंजो़म आकात् ताहेंना, मेनखान ओना रे नोआ ताहेंकाना। नित कार्तिक दो़ फिल्म रे बा़नुया चेदाक् जे का़हानी बो़दो़ल एना। इञ दो़ अगस्त-सितंबर खो़न शूटिंङिञ एहो़बा।

## पेया गिदरा़ मुद रे मित्टेन गिदरा़वाक् मेंत् दो़ ताहेंन काना को़मजो़र

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** पे गिदरा़ मुद खो़न मित्टेन गिदरा़वाक् मेत् दो़ को़मजो़र गे ताहेन काना आर 2050 सेरमा ते नोआ रेयाक् लेखा दो़ 50 प्रतिशत हा़बिच् हों बाड़हाव दाड़ेयाक्आ। नियाहा़ली रे ग्लोबल स्टडी रे नोआ आ़डी दो़ हाहाड़ा रेयाक् जो़थात काथा सामाङ रे हेच्आकाना। बाडाय ञाम आकान लेकाते एशिया रे नोआ रेयाक् ओबो़सतादो़ आ़डी बा़ड़िच् गेया। ओका दो़ 85 प्रतिशत गिदरा़ मो़ज ते ञेल ला़गित् तेको को़सटो़क् काना। जापान रे 73 प्रतिशत, मेनखान दक्षिण कोरिया, चीन आर रूस रे मोटामुटी 40 प्रतिशत गिदरा़ ञेल ला़गित् तेको मुसकिलो़क् काना।भाबानाक् रेयाक् काथा दो़ नोआ काना जे जो़तो़ गिदरा़ गेल बो़छो़ररेन आर ओना खो़न हों कोम उमा़र रेन गिदरा़ कानाको । स्टडी रेनोआ हों बाडाय ञाम आकाना जे कोविड-19 ओबो़सता तायो़म गिदरा़वाक् मेत् रेयाक् नो़जो़र दो़ आ़डी को़म इदियाकाना। आसो़कायते बारबो़छो़र खो़न को़म उमा़र रे स्कूल तेको चालाक्ा़न गिदरा़ रे नोआरेयाक् एसेर दो़ आ़डी जा़सती पाड़ा़वाकाना। भारत रे 2.5 बो़छो़रउमा़र रेन गिदरा़ दो़ पूले स्कूलको चालाक् काना, मेनखान सिंगापुरआर हांगकांग लेकान दिसा़म रे नोआ उमा़र दो़ बार बो़छो़र काना।अफ्रीका दिसा़म रे गिदरा़वाक् मेत् रेयाक् नो़जो़र दो़ मो़ज गेताकोआ, जाहांय दो़ तुरूई-आरे बो़छो़र उमा़र रे स्कूलकोचालाक् काना। ओना छाडा स्टडी ते नोआ हों बाडायो़क् काना जे कोड़ाखो़न जा़सती दो़ कुड़ी रे जा़सती ताहेंन काना। आसो़कायते ओनको कुड़ी रे ओ़को़य दो़ ओड़ाक् रे आ़डी जा़सतीको बिता़वेत् काना। डॉक्टराक् मेमेन दो़ नोआ काना जे नोआ रेयाक् मुसकिलाक्बाप-दाता ताको खो़न उचा़ड़ाक् हों होय दाड़ेयाक्आ। गा़खुड़ हो़ड़ाक् मेन दो़ नोआ काना जे स्क्रीन खो़न सा़ंगिञ रेबोन ताहेंनमा आर मेंत् दो़ मो़ज ते जो़तो़न लेखान गिदरा़वाक् नो़जो़रबोन बांचावदाड़ेयाताकोआ । किता़ब आर मोबाइल आर टीवी स्क्रीन ञेल रेयाक् हेवाते गिदरा़वाक् मेंत् रेनाक् मांसपेशी दो़ लुकसानो़क् काना। नोआ छाडा परा़ग्वे आर युगांडा लेकान दिसा़म रे दो़ 1 प्रतिशत गिदरा़ गे बाङ ञेल रेयाक् मुसकिलाक् तेको को़सटो़क् काना।




इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक | India Post Payments Bank

(भारो़त सरकाराक् उपक्रम)

कॉर्पोरेट ओ़फिस, स्पीड पोस्ट सेंटर बिल्डिंग, भाई वीर सिंह हो़र, नावां दिल्ली-110001

संविदा आधार रे 51 सर्कल आधारित एग्जीक्यूटिव रेयाक् भर्ती

विज्ञापन सं-IPPB/CO/HR/RECT./2024-25/06

नोवाको हुदा़को रे बाहाली ला़गित् आरदासे नेवतायेत् काना:

| हुदा़/हुदा़ ञुतुम | खा़ली हुदा़ संख्या | उमा़र (01.02.2025 हा़बिच्) | राखा हुदा़को (बैकलॉग खा़लीहुदा़ घालो़क् ) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बेराखावाक् | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व (नॉन क्रीमी लेयर) | अनु.ज | अनु.ज ज |
| एग्जीक्यूटिव | 51 | 21 खो़न 35 बो़छो़र | 13 | 03 | 19 | 12 | 04 |

भारो़त सरकाराक् मानदांडको लेकाते लेडहा हो़ड़को (को़मउता़र 40प्रतिशत लेडहावान) ला़गित् राखा दो़हो़ ला़गू मेनाक्आ।

जा़रूड़ान ता़रिकको:

| | | |
|---|---|---|
| (i) | आरदास ला़गित् ऑनलाइन पंजीकरण एहो़बो़क् ता़रिक | 01.03.2025 हिलोक् सेताक् बेला 10 बजे खो़न |
| (ii) | पोयसा साँवते ऑनलाइन आरदास जोमाय रेयाक् मुचा़त् ता़रिक | 21.03.2025 हिलोक् 11.59 बजे हा़बिच् |

फयलाव ते विज्ञापन ला़गित् दायाकाते आलेयाक् आधिकारिक वेबसाइ https://ippbonline.com/web/ippb/current-openings रेको ञेलपे।

ठा़ंय : नावाँ दिल्ली
ता़रिक: 01.03.2025

ह0/
मुख्य मानव संसाधन अधिकारी

CBC 06346/12/0017/2425

## हिजला मेला सम्पन्न, डीसी ने किया स्मारिका का विमोचन

# घड़ा उतार प्रतियोगिता में चांदो पानी मुरु टोला के टीम ने घड़ा उतारकर बना विजेता

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** 21 फरवरी से 28 फरवरी तक हिजला गांव के मयूराक्षी नदी तट पर आयोजित राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव शुक्रवार को सम्पन्न हो गया7 अवसर पर समापन समारोह का आयोजन किया किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया तथा अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






जिसमे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय दुमका, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मसलिया एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जामा इत्यादि द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में इंडियन आइडल सीजन 6 में अपनी जगह बनाने वाले गायक रजत आनंद ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। इसके बाद सरायकेला से आए कलाकारों ने नटुआ नृत्य प्रस्तुत किया।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा दुमका नगर के शिव पहाड़ मोड में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर प्रभारी रवि यादव के नेतृत्व में नए सदस्यों को पार्टी में शामिल किया गया। यह कार्यक्रम खासकर युवाओं के लिए प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करने का प्रयास था, जिसमें उन्हें पार्टी की विचारधारा और लक्ष्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर शहर के कई युवा और मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा पार्टी में अपनी सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित रक्षित, विशाल रक्षित, चंदन बबिता देवी पराक्रम शर्म यादव, पुष्प देवी, अर्चना देवी, सोह कुमार, समीर अंसारी, प्रिय रक्षित गौरव झा बबिता देवी, बेबी देवी, रमेश, इंदु चौबे सलीम अंसारी, सोनू अली और सुमित कुमार जैसे नए सदस्यों ने पार्टी की सदस्यता ली।

## केंद्रीय बजट पर भाजपाइयों ने की चर्चा

**संवाददाता**

**दुमका।** भाजपा जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी एवं संगठन चुनाव संबंधी बैठक शुक्रवार को के0 बी0 वाटिका में हुई । बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने की, जबकि जिला चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह,पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील सोरेन, विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 2025-26 के केंद्रीय बजट पर व्यापक चर्चा हुई, जिसमें बजट की जनकल्याणकारी नीतियों और देश के आर्थिक विकास में इसकी भूमिका को रेखांकित किया गया। साथ ही, संगठन चुनाव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में दुमका जिला चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने संगठन चुनाव की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि 28 फरवरी तक शक्तिकेंद्रों के संयोजक एवं सह-संयोजकों की नियुक्ति पूरी कर ली जाएगी। 23 से 25 मार्च के बीच जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के नामांकन विवरण प्रदेश नेतृत्व को भेजा जाएगा।

पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और सशक्त कदम है। इस बजट में गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं और मध्यम वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं शामिल की गई हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने कहा,केंद्रीय बजट




2025-26 देश के विकास को नई ऊंचाई देने वाला है। जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने जानकारी दी कि इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से शामिल सदस्यों में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू, जिला महामंत्री मनोज पांडे, पवन केशरी, जीतलाल राय, सीताराम पाठक, बबलू मंडल, गुंजन मरांडी, अमिता रक्षित, नीतू झा, ममता साह, मार्टिन मुकेश, गोपीनाथ दत्ता, दीप्तांशु कोचगवे, गणपति पाल, अभिजीत सुमन, नकुल साह, नरेश मंडल, मणिलाल गृही, नवल किशोर मांझी, तरुण नंदी, किशोरेंद्र दास, अनुज आर्या, श्रीधर दास, अजय सिंह, नरेश चंद्र मंडल, बिनोद यादव, मृणाल मिश्रा, दीपक स्वर्णकार, अमरेंद्र सिंह मुन्ना, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, अजय गुप्ता, ओम केसरी, रमेश मुर्मू, दिनेश सिंह, कुश कुमार पाल, अरविंद दुबे, राजेश वर्मा और मनीष सिंह उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन से टकराई बाइक, तीन युवक घायल

**जरमुंडी ।** दुमका-देवघर सड़क मार्ग पर जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीआरसी भवन के समीप घटी एक सड़क दुर्घटना में एक बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में चोरडीहा गांव निवासी 23 वर्षीय रूपेश मिस्त्री,पिता नंदलाल मिस्त्री, छोटू शर्मा (25 वर्ष) पिता जगदीश शर्मा एवं संजय मिस्त्री (36 वर्ष) पिता वासुदेव मिस्त्री शामिल है। तीनों युवक बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने जरमुंडी बीआरसी के सामने टक्कर मार दिया।जिससे उनकी बाइक सड़क किनारे बनी नाली के डिवाइड से जा टकराई,और बाइक से नियंत्रित खोकर तीनों युवक गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद इसकी जानकारी स्थानीय युवक बबलू यादव के द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल को दिया गया।

## कैमरे की नजर में हिजला मेला



## तेल टैंकर अनियंत्रित होकर बीच सड़क में पलटा

**नोनीहाट।** दुमका-भागलपुर स्टेट हाईवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत खसिया गांव के समीप शुक्रवार को एक तेल टैंकर अनियंत्रित होकर बीच सड़क में ही पलट गया। टैंकर की चपेट में आने से कुछ राहगीर बाल बाल बच गए। टैंकर पलटने के बाद देखते ही देखते आस-पास के ग्रामीणों द्वारा टैंकर से गिर रहे तेल को डब्बे और बाल्टी में भरने की सैकड़ो की संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गयी। ग्रामीणों द्वारा बड़ी मुश्किल से तेल टेंकर के चालक व उपचालक को सकुशल टेंकर से बाहर निकाला गया। टैंकर चालक देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को करीब 4ः30 बजे शाम शाम को( डव्लू वी 31 एन 1010) हल्दिया बंगाल से तेल लेकर विराट नगर नेपाल जा रही थी जो कि अनियंत्रित होकर खसिया गाँव के समीप पलट गया।



## दो प्रधान लिपिक का विदाई समारोह आयोजित

**दुमका।** जिला समाहरणालय संवर्ग के दो कर्मी कार्तिक किस्कू एवं शंभूनाथ झा का शुक्रवार को सेवानिवृति के अवसर पर समाहरणालय संवर्ग के कर्मी द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कर्मियों के द्वारा उनके साथ किए गए कार्य अनुभव साझा किया गया एवं सभी कर्मी के द्वारा शॉल, पुष्प गुच्छ और उपहार देकर उनके उत्तम स्वास्थ की कामना करते हुए सम्मानित किया गया।



## अवैध वसूली को लेकर आयुक्त को दिया आवेदन

**दुमका।** प्रवासी मजदूर भर्ती के एवज में प्रति मजदूरों से 8000 रुपये के दर से मुख्य अभियंता दीपक परियोजना के नाम पर रिश्वत के रूप में विभिन्न विचौलियों द्वारा धड़ल्ले से पैसा इकठ्ठा किया जा रहा है। इस अवैध उगाही व रिश्वत लेने में मेट पलाजोरी निवासी बदरुद्दीन अंसारी कार्य कर रहे हैं। वे सीमा सड़क सगंठन द्वारा संचालित दीपक परियोजना (ग्रेफ) द्वारा 56 सेना डाकघर, पिन-931709 के अन्तर्गत इकाई 108 आरसीसी/ 68 आरसीसी/70 आरसीसी एवं 94 आरसीसी में मजदूरों को पहुंचने का काम करते हैं। उक्त बातें इन्टर स्टेट माइग्रेट वर्कर युनियन, दुमका के सचिव मितन दास ने अपने आवेदन में लिखा है। पंजाब राज्य के चंडीगढ़ में स्थित सीमा सड़क संगठन उत्तर पश्चिम के अतिरिक्त महानिदेशक को इन्टर स्टेट माइग्रेट वर्कर युनियन, दुमका के सचिव मितन दास एवं उपाध्यक्ष रामानंद यादव ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को संथाल परगना आयुक्त को आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि सड़क एवं बुनियादी ढाँचे का काम के लिए उनके आवश्यकतानुसार विगत कई वर्षों से हमारे झारखण्ड के प्रवासी मजदूरों का उसके कार्यक्षेत्र में विभिन्न विचौलियों द्वारा भर्ती होकर काम करके आया है। जिसमें मजदूरों का विचौलिया द्वारा आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने मांग किया कि भ्रष्टाचार में लिप्त मेट पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। जिससे प्रवासी मजदूरों का शोषक को कानूनी शिकंजे में लाया कर कठोर कार्रवाई किया जा सके और सीधे-साधे मजदूरों को न्याय मिल सके।

## पीएचडी में नामांकन को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**दुमका।** संताल परगना स्टूडेंट यूनियन सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में शुक्रवार को यूनियन के अध्यक्ष विमल मुर्मू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिन्हा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। कुलपति को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2022 से सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में पीएचडी में नामांकन नहीं हुआ है, जबकि लगातार प्रत्येक सत्र में सभी शंकाय के छात्र-छात्राएं नेट,जेआरएफ तथा पीएचडी में नामांकन के लिए नेट की परीक्षा में सफलता सहित कई विषयों के विद्यार्थीयों नेट, जे सफलता प्राप्त किया है। उन्हें सही समय पर कर रहे हैं। इस बार भी संताली, वाणिज्य विज्ञान चंडी में नामांकन को लेकर नेट की परीक्षा में नामांकन के लिए अवसर नहीं प्रदान किया जाता है तो उनका सुनहरा अवसर समाप्त हो जाएगा। यूनियन के अध्यक्ष विमल मुर्मू ने कहा कि संताल परगना में उच्च शिक्षा के लिए सिदो कान्हु मुनू विद्यालय एक मात्र संस्थान है। यहां के छात्र-छात्राएं अधिकांश गरीब परिवार से आते हैं इसलिए बाहर के विश्वविद्यालय में पढ़ना उनके लिए मुश्किल होती है। विश्वविद्यालय प्रशासन को हमारी आवेदन पर जल्द संज्ञान लेना चाहिए। मौके पर जेआरएफ उत्तीर्ण छात्र जितेश टुडू, प्रेमलता मुर्मू,राजेश पौरिया, महासचिव सचिन कुमार सोरेन, श्रीकांत मरांडी, प्रेमलता मुर्मू पार्वती मुर्मू स्वीटी बस की मीणा मुर्मू सहित अनेक छात्र उपस्थित थे।


## उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण में घटिया सामग्री का किया जा रहा इस्तेमाल

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के बीचगढ़ा पंचायत के ठढियारा गांव में निर्माण कराए जा रहे उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण घटिया सामग्री से किया जा रहा है साथ ही निर्माण स्थल पर कोई भी शिलापट्ट या बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।जिससे किया पता चल सके कि किस विभाग के द्वारा निर्माण कराया जा रहा और कितनी राशि खर्च की जा रही है।इसको लेकर ग्रामीणों में भी काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बतलाया की संवेदक कभी भी नहीं आते हैं कार्य कर रहे ठेकेदार हम लोगों ने कई बार कहा कि ईट काफी घटिया कि लगाया जा रहा है।लेकिन ठेकेदार बार-बार यही कहता है कि ईट अगली बार से बदल दिया जाएगा लेकिन नहीं बदल रहा है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारी से निर्माण कार्य की जांच की मांग की है। बता दें कि ठढियारा गांव में करीब 54 लाख रुपये की अधिक की राशि से गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण कराया जा रहा है।ग्रामीणों ने भवन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर आपत्ति जाता रहे हैं। ऐसे में भवन के गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्रामीणों ने भवन की गुणवत्ता को लेकर असंतोष जाहिर करते हुए आगे अधिकारी से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार के द्वारा अपनी मनमानी करते हुए भवन निर्माण की गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा और ना ही इस और उच्च अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। अनुराग आनंद,जेई ने कहा कि जो निर्माण कार्य में ईट का प्रयोग किया गया है। ईट को तोड़कर हटा दिया जाएगा। कार्य करने की गुणवत्ता सुधार करने का निर्देश दिए है।



## बंजर जमीन पर स्ट्रॉबेरी की बहार, मधुपुर के किसान ने किया कमाल

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** मधुपुर के बड़ा नारायणपुर गांव के किसान शहजाद आलम ने अपने दो कट्ठा बंजर जमीन पर स्ट्रॉबेरी की खेती कर कमाल कर दिखाया! हौसला बुलंद हो और सही मार्गदर्शन मिले, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती—शहजाद आलम की सफलता इसकी जीती-जागती मिसाल है! पहली बार खेती में कुछ परेशानियां जरूर आईं, लेकिन अब खेतों में चटक लाल स्ट्रॉबेरी लहलहा रही हैं! हर दिन फलों की तुड़ाई हो रही है, और मधुपुर, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा जैसे बाजारों तक इसकी मिठास पहुंच रही है! खास बात यह है कि 250 से 300 रुपये प्रति किलो बिक रही स्ट्रॉबेरी खेत से ही हाथों-हाथ बिक जाती है, बाजार तक ले जाने की नौबत ही नहीं आती! शहजाद आलम ने बताया कि डीप इरीगेशन प्रणाली से सिंचाई कर वे बेहतरीन फसल उगा रहे हैं! ठंड के मौसम में यह खेती शानदार मुनाफा दे रही है, जिससे अन्य किसान भी प्रेरित होकर इसकी खेती शुरू कर सकते हैं! स्ट्रॉबेरी की बढ़ती मांग को देखकर साफ है कि यह खेती आत्मनिर्भर बनने का बेहतरीन जरिया बन सकती है।



## विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा बने नए वित्त पदाधिकारी

**दुमका।** विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा को विश्वविद्यालय का नया वित्त पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। राजभवन से प्राप्त अनुमोदन के आलोक में उक्त अधिसूचना जारी कर दी गई है। डॉ सिन्हा को अधिकतम 6 माह या जेपीएससी से नियमित नियुक्ति होने तक के लिए विश्वविद्यालय का वित्त पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ सिन्हा डॉ बिजय कुमार से पदभार ग्रहण करेंगे। डॉ सिन्हा विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर हैं। वर्तमान में वे स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। मालूम हो कि वे इससे पहले विश्वविद्यालय में कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों को संभाल चुके हैं।



## आज बाबा बासुकीनाथ - दानीनाथ की नगरी में गूंजेगा खाटू श्याम का नारा

**जरमुंडी ।** जरमुंडी स्थित बाबा दानीनाथ एवं बाबा बासुकीनाथ की पावन नगरी आज शनिवार को जय श्री श्याम के नारे से गूंजेगे। जरमुंडी से दुमका के लिए आज तृतीय पैदल श्री श्याम निशान यात्रा निकाली जाएगी। इस संदर्भ में आयोजन समिति के सदस्य सह बाबा बासुकीनाथ श्याम परिवार के सदस्य सौरव कुमार, छोटू कुमार भुवानियां ने बताया कि जरमुंडी प्रखंड में निर्माणाधीन श्री श्याम मंदिर से दुमका स्थित दादी श्याम मंदिर तक पैदल श्री श्याम निशान यात्रा शनिवार एक मार्च को निकाली जाएगी। यह निशान यात्रा प्रातः छह बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम को लेकर जरमुंडी प्रखंडवासियों में काफी उत्साह उमंग है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान जगह-जगह निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी व मार्ग में पेयजल, शरबत आदि की व्यवस्था श्रद्धालुओं के द्वारा की जाएगी।



## वारंटी को कुण्डा पुलिस ने भेजा जेल

**देवघर।** कुण्डा थाना पुलिस ने लंबित मामले में कार्रवाई करते हुए अजीत पोद्दार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, कुण्डा थाना कांड संख्या 55/2025, दिनांक 25 फरवरी के तहत आरोपी के खिलाफ धारा 80(2) भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजीत पोद्दार पुत्रः स्व. नरेश पोद्दार, निवासी ढाकोडीह, थाना कुण्डा, के रूप में हुई है। पुलिस ने विधिवत प्रक्रिया अपनाते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले से ही मामला दर्ज था और उसकी तलाश की जा रही थी। आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## देवघर में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान तेज, 5 मार्च तक हर व्यक्ति तक दवा पहुंचाने का लक्ष्य



**देवघर।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले एमडीए कार्यक्रम की शत् प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु दिनांक 5 मार्च तक इस अवधि विस्तार कर दिया गया है। जिसके तहत अभी भी फाइलेरिया के आने वाले संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए दवा खाने से वंचित लोगों को या शेष छूटे हुए लोगों या दवा खाने से इन्कार करने वाले लोगों को फाइलेरिया बचाव की दवा डीईसी तथा अल्बेंडाजॉल को घर-घर भ्रमण कर दवा प्रशासक दल (सहिया एवं सेविका आदि स्वास्थ्य कर्मियों के दल) द्वारा खिलाया जा रहा है। तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय टीम के साथ राज्य स्तरीय टीम भी देवघर जिला में चल रहे एमडीए कार्यक्रम का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन करने के लिए 27 फरवरी को देवघर पहुंचे, जो एक मार्च 2025 तक देवघर के विभिन्न इलाकों क्षेत्रों का भ्रमण कर यहां पर राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन महाअभियान के तहत् चल रहे सर्वजन दवा सेवन/एमडीए कार्यक्रम 2025 के विभिन्न गतिविधियों व कार्यों का मूल्यांकन करेंगे।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** कर्मसंभव इंटरनेशनल स्कूल देवघर में भौतिकी विषय में रमन प्रभाव का खोज करने वाले भारतीय मूल के वैज्ञानिक नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी.वी. रमन के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रदर्शनी एवं बच्चों द्वारा वैज्ञानिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के विज्ञान संबंधी गतिविधियों को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चे बहुत ही रचनात्मकता एवं क्रियात्मकता के साथ अनेक प्रकार के प्रोजेक्ट जैसे - अनन्या और निशा ने होलोग्राम कैमरा, नमन राज ने पत्ते के भाग,साहिल कुमार ने पवन चक्की,पंखुड़ी रानी ने वर्षाजल संचयन, अमित कुमार और राधारानी ने प्रकाश संश्लेषण, रजनी स्वाति ने फूल के भाग, आर्यन ने पर्यावरण के विभिन्न परतों के बारे में चित्र/नमूने के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। इसके अलावा बहुत सारे बच्चों ने मेडिकल किट भी तैयार की।

# संप के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, डॉ0गोपाल कृष्ण के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह

## डॉ गोपाल का व्यक्तित्व एवं कृतित्व अनुकरणीय : एसडीओ

**संवाददाता**

**दुमका ।** डॉ0 गोपाल कृष्ण झा,क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका के सेवानिवृत्त होने पर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमण्डल,दुमका कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी, दुमका भूतनाथ रजवार की अध्यक्षता मे विदाई सह सम्मान समारोह हुई। इस अवसर संथाल परगना प्रमण्डल के सभी जिलों के शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों, कर्मियों, डायट दुमका,शिक्षक संघो, भारत स्काउट एवं गाइड , दुमका एवं शिक्षकों द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक,डॉ0 गोपाल कृष्ण झा को पुष्प गुच्छ, शाल, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह मे उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी दुमका कौशल कुमार ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 गोपाल कृष्ण झा को विदाई के बेला में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा का व्यक्तित्व,कृतित्व एवं अपने सेवा कार्य के प्रति समर्पण हमसभी के लिए अनुकरणीय है। डॉ0 गोपाल कृष्ण झा एक व्यवहार कुशल अनुभवी पदाधिकारी है। श्री झा का सौम्य व्यवहार ही मुझे विदाई समारोह में भाग लेने के लिए यहाँ तक खीच लाया। अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा एक अनुभवी कुशल पदाधिकारी के साथ साथ अपने मातहतों के लिए एक अभिभावक तुल्य नरम दील के पदाधिकारी हैं। कौशल कुमार ने कहा कि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा सेवानिवृत्त होने के बाद स्वस्थ रहें एवं उनका अनुभवी मार्गदर्शन हमलोगों को मिलता रहे।




## मोदी परिवार के कुलदेवता भईया दादा का मनाया गया वार्षिक उत्सव, निकली गई निशान यात्रा

**दुमका।** प्रत्येक वर्ष के भाँति इस वर्ष भी मोदी परिवार के कुलदेवता श्री भईया दादा का वार्षिक उत्सव दुमका वासियों ने बडे ही धुमधाम से मनाया। इस उपलक्ष्य में सभी मोदी परिवार के परिजनों के बडी ठाकुरवादी से निशान यात्रा एवं भब्य झांकी की निकाली गई । यह निशान यात्रा टीन बाजार से मारवाडी चौक टाटा शोरूम होते हीरो शोरूम के पीछे मोदी परिवार के कुल देवता के मन्दिर में चढ़ाया गया एवं अग्रसेन भवन में भंडारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश मोदी, सुनील मोदी, राजेश मोदी, बबलू मोदी, गौरव मोदी, कैलाश मोदी सहित अन्य मोदी परिवार के लोग शामिल रहे।



स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686